e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 254

शनिवार

16.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जिन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है, जो कम साधनों में भी खुश रहता है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जेपी नड्डा का रांची एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा परिवर्तन यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ जाने से पहले शुक्रवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। बताया गया कि प्रदेश भाजपा नेताओं से बातचीत करने के बाद जेपी नड्डा एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से छत्तीसगढ़ के जशपुर के लिए रवाना हो गये।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिरी, 4 की मौत

**ग्रेटर नोएडा :** शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिरने से चार लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन बिल्डिंग आम्रपाली ग्रुप की है. 4 लोगो की मौत की सूचना बिसरख थाना क्षेत्र में बन रही आम्रपाली ड्रीम वैली में हुआ. यहां निर्माणाधीन बिल्डिंग में इमारत की लिफ्ट अचानक गिर गई. हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई.इससे पहले महाराष्ट्र के ठाणे में 11 सितंबर को निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट गिर गई थी. इस हादसे 7 मजदूरों की मौत हो गई थी. जानकारी के मुताबिक, ठाणे में बालकुम नाका के पास सिंघानिया रनवा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बिल्डिंग का निर्माण करवा रही थी. निर्माण कार्य में लगे मजदूर काम करके वापस लिफ्ट से उतर रहे थे. इसी दौरान लिफ्ट 16वीं मंजिल के करीब आई तो उसका तार टूट गया और सात मजदूर नीचे गिर गए. इसमे सभी की मौके पर मौत हो गई.

### तालाब में डूबने से दो की मौत

**गोड्डा :** जिले के महागामा प्रखंड अंतर्गत बाबूपुर गांव में तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में अमर कुमार एवं चंदन कुमार हैं। दोनों तकरीबन 18 वर्षीय किशोर थे। जानकारी के अनुसार वे दोनों संध्या में तालाब गए थे, जहां गहरे पानी में जाने से उन दोनों की मौत हो गई। सूचना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों के शव को खोजबीन की। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल लंदन में अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

**भोपाल :** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य का अभिनंदन ही मानवता के विकास का आधार है। मानव जीवन की बेहतरी के लिए सकारात्मक प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा उत्कृष्टता के सम्मान की पहल मानव जाति की भलाई के लिए शांति और सद्भाव के प्रयासों को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। राज्यपाल पटेल शुक्रवार को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा लंदन में ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल पटेल को अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संपूर्ण विश्व के सामाजिक, शैक्षिक, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, अनुसंधान और विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों में अतुलनीय योगदान करने वाली 20 विशिष्ट विभूतियाँ सम्मानित हुईं। समारोह में राज्यपाल की पत्नी नर्मदाबेन पटेल, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले भी उपस्थित थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

### पुलिस मुख्यालय में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की हुई बैठक

# नक्सलियों के सफाए की बनी रणनीति : डीजीपी

**बैठक में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल,ओडिशा,छत्तीसगढ़ के अलावा केंद्रीय एजेंसियों के अफसर हुए शामिल**

**बैठक में नक्सल, तस्करी, साइबर सहित कई तरह के संगठित अपराधों पर रोक लगाने का लिया गया फैसला**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय में राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई. बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियो के अफसरों ने भी भाग लिया. बैठक में एक साथ मिलकर और आपसी समन्वय बनाकर नक्सल, ड्रग्स, साइबर, मानव तस्करी और संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की रणनीति पर मुहर लगाई गई है. ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की अगली बैठक कोलकाता में होगी. बैठक में नक्सल और ड्रग्स कारोबार पर नकेल कसने को लेकर रणनीति बनाई गई. पिछले दो सालों के दौरान झारखंड पुलिस ने नक्सली फ्रंट पर बेहतरीन काम किया है. बता दें कि झारखंड में बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल और ओडिशा के दुर्दांत नक्सली नेता अभी भी सक्रिय हैं. वैसे नक्सली कमांडरों पर नकेल कसने की रणनीति भी मीटिंग में बनी. झारखंड का बूढ़ा पहाड़ छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है, जबकि वर्तमान समय में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी सारंडा के बॉर्डर ओडिशा से सटे हुए हैं.

#### आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर बनी सहमति

ऐसे में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में दोनों राज्यों की भूमिका बेहद अहम है. नक्सल मुद्दे पर पांचों राज्यों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर भी सहमति बनी है. ड्रग्स और दूसरे मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने के लिए भी पांचों राज्यों के बीच खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर रणनीति बनाई गई. इसके लिए बकायदा नोडल अवसर भी तय किए गए हैं. झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में नक्सलियों से मुकाबले के लिए राज्यों के बीच खुफिया सूचना का आदान-प्रदान करना, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, कुख्यात नक्सलियों और अपराधियों के मूवमेंट की जानकारी साझा करना जैसे विषयों पर समन्वय स्थापित करने पर



#### ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाने पर बनी सहमति

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि पांचों राज्यों में नक्सलियों का मूवमेंट कुछ विशेष जगहों पर ही बच गया है.ऐसे में अब उनके खात्मे के लिए बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाने की प्लानिंग की गई है. साथ ही बॉर्डर इलाकों में पुलिस कैंप स्थापित करने के लिए एक-दूसरे के सहयोग को लेकर भी सहमति बनी है.

#### खुफिया सूचनाओं का होगा आदान-प्रदान

झारखंड पुलिस के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एमएल मीना ने बताया कि मीटिंग के एजेंडे में सबसे प्रमुख खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान करना था. बैठक के दौरान सबसे पहले खुफिया सूचनाओं का ही आदान-प्रदान किया गया. साथ ही इसके निमित आगे भी कार्य करने की योजना बनी है. इसके अलावा आतंकी गतिविधि में शामिल वांछित, साइबर और संगठित आपराधिक गिरोहों के साथ-साथ ड्रग्स और पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी रणनीति बनी है. एडीजी एमएल मीना ने बताया कि राज्य पुलिस की सीमाएं तय होती हैं, लेकिन अपराधियों और नक्सलियों की कोई सीमा नहीं होती है. ऐसे में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की यह बैठक बेहद अहम है ताकि पांचों राज्यो की पुलिस एक-दूसरे की मदद कर सके.

## आंध्र प्रदेश : सड़क हादसों में 9 की मौत, 11 घायल



एजेंसी

**अन्नामय्या :** आंध्र प्रदेश में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 9 की मौत हो गई जबकि 11 घायल हो गए. मृतकों में पांच कर्नाटक के हैं. एक हादसा अन्नामय्या जिले में हुई जबकि दूसरी दुर्घटना चित्तूर में हुई. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है. अन्नामय्या जिले के केविपल्ली मंडल के मथमपल्ली में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए. घायलों को रूया अस्पताल में भर्ती कराया गया. ये सभी तिरुमला से लौट रहे थे. मृतकों की पहचान कर्नाटक के बेलगावी के निवासियों के रूप में की गई. कर्नाटक राज्य के बेलगावी जिले के अटुनी तालुक के बडाची गांव के 16 लोग तिरुमाला गए और गुरुवार रात अपने गृहनगर के लिए रवाना हुए.चित्तूर-तिरुपति राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी भीषण सड़क दुर्घटना हुई. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. हादसा उस वक्त हुआ जब एक एंबुलेंस सड़क पर खड़े दूध के टैंकर से टकरा गई. केआईएम्स अस्पताल की एक एम्बुलेंस वेल्लोर से तिरूपति जा रही थी, तभी वह थावनमपल्ले मंडल के तेलगुंडलापल्ली में खड़े एक टैंकर से टकरा गई. एंबुलेंस में सवार सात लोगों में से चार की मौके पर ही मौत हो गई. तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये. पुलिस ने मृतकों की पहचान ओडिशा निवासी के रूप में की. हादसे में घायल तीन लोगों की हालत गंभीर है.

**ये सभी तिरुमला से लौट रहे थे. मृतकों की पहचान कर्नाटक के बेलगावी के निवासियों के रूप में की गई. कर्नाटक राज्य के बेलगावी जिले के अटुनी तालुक के बडाची गांव के 16 लोग तिरुमाला गए और गुरुवार रात अपने गृहनगर के लिए रवाना हुए.**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 18 को सुनवाई



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिट याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित था। यह सुनवाई अब 18 सिंतबर को होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए सुनवाई की अगली तारीख दी जाए. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख सोमवार को तय की है. न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश बेला एम त्रिपाठी की अदालत में उनकी याचिका पर सुनवाई होनी है. याचिका में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय और ईडी को प्रतिवादी बनाया गया है. जिसमें ईडी के अधिकार को चुनौती दी गई है. वहीं ईडी के वकील मुकेश कुमार मरोरी ने कैविएट फाइल कर दिया है. बता दें कि रांची में चेशायर होम के पास की जमीन, बरियातू और सिरम टोली स्थित सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है. ईडी ने मामलें में मनी लॉन्ड्रिंग का हवाला दिया है. व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई लोग फिलहाल इस मामले में जेल में हैं. 14 अगस्त को पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन को पहली बार ईडी ने समन जारी किया था. सीएम ने इस पर आपत्ति जताई थी. उन्होंने पत्र भेजकर ईडी को कहा था कि बार-बार समन करना सही नहीं है. पहले ही उन्होंने अपनी संपत्ति की जानकारी दे दी है. पत्र में उन्होंने समन को लेकर कानून का सहारा लेने की बात कही थी. ईडी ने दोबारा 24 अगस्त को समन जारी किया. जिसके खिलाफ सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की. बाद में ईडी ने तीसरे समन में 9 सितंबर को सीएम को पेश होने को कहा. जिस पर सीएम ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, नतीजा आने के बाद ही वो पूछताछ के लिए आने पर विचार करेंगे.

## झारखंड के पहले सोलर प्लांट का हुआ उद्घाटन

**डीवीसी अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने कहा कि अभी कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के दो मेगावाट सोलर आधारित बिजली उत्पादन का उद्घाटन किया गया है। बाकी 8 मेगावाट के लिए चिन्हित स्थानों में सोलर पैनल स्थापित किया जा रहा है।**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण व डीवीसी के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने शुक्रवार को कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) में दो मेगावाट का ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह झारखंड के पहला सोलर प्लांट है। डीवीसी अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने कहा कि अभी कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के दो मेगावाट सोलर आधारित बिजली उत्पादन का उद्घाटन किया गया है। बाकी 8 मेगावाट के लिए चिन्हित स्थानों में सोलर पैनल स्थापित किया जा रहा है। पूरी तरह से जब 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट तैयार कर लिया जाएगा तब इसके जरिए उत्पादित बिजली को ग्रीड में सप्लाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ग्रीन एनर्जी और रिन्यूअल एनर्जी का है। इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। केटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सोलर एनर्जी सूर्य की रोशनी से प्राप्त एनर्जी है, जिसे सोलर पैनल की मदद से एकत्रित किया जाता है। इसके बाद इसका उपयोग बिजली के स्रोत के रूप में किया जाता है। पिछले कुछ समय में भारत में सोलर एनर्जी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। अब कोडरमा के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह ने किया। इस दौरान वरीय प्रबंधक अर्णव मित्रा, सेफ्टी पदाधिकारी गोपाल हलधर, एचआर पदाधिकारी नरेश साह, प्रभु महतो, सुधीर व्यास, प्रवीर चांद, संतोष प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, मानस मंडल, विनोद कुमार राय, रणजीत कुमार सिंह, रवि शंकर कुमार, कुलदीप कुमार, सुधीर कुमार, विजय राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## पलामू : राजस्व कार्य से हटाए गए पाटन सीओ

*** आयुक्त ने पाटन अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** आयुक्त मनोज जायसवाल ने शुक्रवार को पलामू जिले के पाटन अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने पाया कि अंचल अधिकारी का कार्यकाल एवं कार्यालय कर्मियों पर नियंत्रण नहीं है। आयुक्त ने दाखिल खारिज से संबंधित मामलों की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने पाया कि किसी वैध कारण नहीं होने के बावजूद दाखिल खारिज से संबंधित वादों को निरस्त कर दिया गया है। आवेदन बाद में स्वीकृत किया हुआ भी पाया गया। इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पाया कि अंचल अधिकारी द्वारा कई मामलों में जानबूझकर गलत तरीके से किसी राजस्व उपनिरीक्षक अथवा अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन पर बिना अनुशंसा प्राप्त किये तथा संबंधित दस्तावेज को बिना देखें ऑनलाइन डिमांड खोल दिया गया है। साथ ही जिले के वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद वे डिलीट भी कर दिये हैं। आयुक्त ने कहा कि बिना किसी आधार एवं जांच-पड़ताल के जमाबंदी खोलना, अंचल अधिकारी की मनमानी एवं स्वेच्छाचारिता का



परिचायक है। उनके इस कृत से ग्रामीणों के बीच बेवजह भूमि विवाद उत्पन्न हो रहे हैं, जिसके कारण किसी अप्रिय घटना घटने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी से राजस्व संबंधी कार्य कराया जाना अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न करने जैसा होगा।

**जिला से दंडाधिकारी या सक्षम पदाधिकारी को पाटन अंचल कार्यालय में तीन दिन साप्ताहिक प्रतिनियुक्त करने का आदेश:** आयुक्त ने कार्य हित को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त पलामू को अंचल अधिकारी, पाटन को राजस्व संबंधित कार्य करने से वंचित करने, वर्तमान अंचल अधिकारी से स्थापना एवं रूटीन कार्य कराये जाने एवं जिला से किसी दंडाधिकारी अथवा सक्षम पदाधिकारी को पाटन अंचल कार्यालय में कम-से-कम दो से तीन दिन साप्ताहिक प्रतिनियुक्त कर वहां से संबंधित राजस्व कार्य कराये जाने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने सभी सरकारी पोर्टल के संबंध में जिले के सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण देने का निर्देश पलामू उपायुक्त को दिया है। उन्होंने अपर समाहर्ता को पाटन अंचल कार्यालय से संबंधित नीलाम पत्र वादों एवं अतिक्रमणवादों की समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने अंचल कार्यालय के फील्ड स्टॉफ सहित सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यालय के विभिन्न पंजियों और कर्मियों के कार्य आवंटन की भी जांच की। अंचल कार्यालय में विभिन्न कार्यों को कराने पहुंचे आमलोगों से आयुक्त ने सीधा संवाद किया। उनकी समस्याओं को जाना और उसे तत्काल निराकरण का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी थे।

### मीडिया का कार्य सभी को सचेत करना है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**भोपाल :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में मीडिया का कार्य शासन के सभी अंगों को सचेत करना, सच्चाई, सटीकता एवं निष्पक्षता के साथ जनमानस तक जानकारी देना है। स्वतंत्र प्रेस लोकतांत्रिक राष्ट्र की रीढ़ है। प्रेस की स्वतंत्रता के साथ प्रेस का जिम्मेदार होना भी महत्वपूर्ण है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# आरसीआईटी में मना अभियंता दिवस, कई प्रतियोगिता आयोजित

## रेल लाइन ट्रैक डिटेक्टर व स्मार्ट ब्रिज प्रोजेक्ट मॉडल को मिला फर्स्ट प्राइज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** पलामू जिला अंतर्गत बिश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आरसीआईटी के सभागार में शुक्रवार को अभियंता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि रजहरा कोल माइंस प्रोजेक्ट के अभियंता अमोल सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ईश्वरसागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ एनके अग्रवाल, डिप्युटी डायरेक्टर ई. अनुराग चंद्रवंशी, ई.मनीषा सिंह, ई.विवेक चंद्रवंशी ने संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों ने 75 इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने छात्र छात्राओं के द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट का अवलोकन करने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में 75 इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट मॉडल में प्रथम पुरस्कार रेल लाइन ट्रैक डिटेक्टर एवं स्मार्ट ब्रिज को सम्मिलित रूप से दिया गया.वहीं द्वितीय पुरस्कार ड्यूल एक्सिस सोलर ट्रैकर,सोलर ग्रास कटर एवं स्मार्ट इरिगेशन को सम्मिलित रूप से दिया गया.जबकि तीसरा पुरस्कार हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर पावर प्लांट, एवं वाटर लेवल इंडिकेटर को दिया गया। मौके पर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आर के सिन्हा, डॉ रवि कुमार, रीसर्च एंड डेवलोपमेन्ट हेड डॉ अविनाश कुमार समेत कई प्राध्यापक व छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

# जेजेएमपी उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना पुलिस ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावा में फरार चल रहे जेजेएमपी उग्रवादी रवि जी उर्फ रविंद्र यादव पिता चंद्रदेव यादव के घर इश्तेहार चिपकाया।चैनपुर थाना के अवर निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने इस कार्रवाई का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि कांड संख्या 151/2018 में फरार चल रहे रविंद्र यादव पिता चंद्रदेव यादव गांव नावा रामगढ़ के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तेहार चिपकाने के दौरान परिजनों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि माननीय न्यायालय में जितना जल्द अभियुक्त के हाजिर नहीं होने पर घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर अभियुक्त के घर पहुंचा गया मकान की बाहरी दीवार और सार्वजनिक स्थल पर इश्तेहार चिपकाए गए।

# क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के निरीक्षण में गायब मिले बीआरसी के 9 कर्मी, काटी हाजिरी



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने शुक्रवार को हरिहरगंज स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रात्रि प्रहरी सह आदेशपाल मृत्युंजय राम तथा जेई प्रशील रमन को छोड़ कर बीपीएम, बीआरपी, बीआरजी सहित 9 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान उन्होंने हाजिरी बही का अवलोकन करने के बाद सभी अनुपस्थित कर्मियों की हाजिरी काट दी। इस संबंध में उन्होंने बताया कि बीआरसी कार्यालय में विशेष कार्य को लेकर गया था। दो कर्मी को छोड़ सभी कर्मी गायब पाए गए। अनुपस्थित कर्मियों में बीपीएम रेखा कुमारी, लेखापाल कमलेश कुमार गुप्ता, बीआरपी अनुज मिश्रा, सुनील कुमार पटेल, बीआरजी अतुल प्रसाद, एमडीएम ऑपरेटर अमरजीत कुमार पटेल, एमआईएस संतोष प्रजापति, डाटा इंट्री ऑपरेटर मणि कुमार, रिसोर्ट शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार का नाम शामिल है। उधर बीपीएम रेखा कुमारी ने बताया कि जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में हरिहरगंज के प्रतिभागी बच्चों को मेदिनीनगर लेकर आई हूँ। वहीं बीआरपी अनुज मिश्रा तथा सुनील कुमार पटेल ने बताया कि वे क्षेत्र के विद्यालय में अनुश्रवण करने के लिए गये थे।

# स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया, प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 650 लोगों की हुई जांच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की और से शुक्रवार को पथरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन जिला परिषद रामलव चौरसिया, भीसम चौरसिया, मुखिया मीना देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 चमन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश केशरी, डॉ0 सुधांशु कुमार, बीपीएम सुनीता कुमारी, बीएम धीरज सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित संयुक्त रूप से किया गया।मौके पर जिला परिषद रामलव चौरसिया ने कहा की प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले इस प्रकार के जांच मेले का अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ उठाएं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में 21 स्टॉल लगाया गया है जिसमे जेनरल मेडिसिन, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया, टीवी और जेनरल मेडिसिन, लैब टेस्ट, आयुष्मान कार्ड, जागरुकता आईईसी, एनसीडी का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें करीब 650 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मौके पर सीएचओ, एएनएम, बीटीटी सहिया साथी, पीएमडब्ल्यू, एलटी, आयुष्मान मित्र, एमपीडब्ल्यू, एसटीएस सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय मेला में लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को प्रोत्साहित करना है। सरकार का यह बेहतर कदम है गरीबों के असाध्य रोगों का इलाज भी सरकारी खर्च पर हो रहा है। स्वास्थ्य मेला में शिशु स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुष्ठ, टीबी, मातृत्व, मलेरिया, फाइलेरिया, अंधापन, नाक, कान, गला, दांत, आयुष, टीकाकरण, दवा वितरण, सभी तरह की जांच समेत सामान्य रोगों के मरीज का इलाज किया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड तथा संचालन स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 अरुण कुमार सिंह, डॉ0 प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ0 ओमप्रकाश सिंह, डॉ0 सत्यम सौरभ, बीपीएम संजय कुमार सिंह, परामर्शी मो. इस्लाम अंसारी, बीटीटी कृष्ण मुरारी मिश्रा, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, सोनू कुमार, योग शिक्षक राजीव कुमार, योग शिक्षिका शोभा देवी, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, संजीत सिंह, रामानुज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# रेहला में लगाया गया प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला सैकड़ों लोगों का हुआ मुफ्त इलाज



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नप के मुख्य कस्बा रेहला स्थित जे बी उच्च विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य मेला लगता गया। जिसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, बीडीओ विक्रम आनंद, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लोगों का जांचोपरांत मुफ्त इलाज किया गया। इसके अलावा दर्जनों लोगों का गोल्डन कार्ड भी बनाया गया। मौके पर मिथलेश दुबे, बीपीएम पंकज पांडेय, विनोद तिवारी, बीडीएम नरेश भारती, समाजसेवी ज्वाला गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनवितरण प्रणाली के लाभुक डीलर की शिकायत लेकर पहुचे पूर्व मंत्री के आवास पर



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 10 पुरैनी गांव के सैकड़ो महिलाओं ने चचेरिया स्थित पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी के आवास पर पहुंच कर गांव के डीलर द्वारा कम राशन देने के विरुद्ध का शिकायत किया। महिलाओं ने पूर्व मंत्री को बताया कि डीलर अजय राम द्वारा दो माह का राशन देने के बजाय डेढ़ माह का राशन दिया जा रहा है तथा राशन कार्ड पर दो माह का राशन चढ़ाकर अंगूठा लगवा रहा है। महिलाओं ने बताया कि इससे पूर्व भी डीलर द्वारा राशन का कालाबजारी किया गया है। उन्होंने कहा कि जब डीलर से कम राशन देने की शिकायत करते है तो डीलर द्वारा कहा जाता है कि जहा जाना है जाओ। महिलाओं ने राशन कम मिलने के शिकायत को लेकर पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र सौंपने वालो में सबिता देवी, गीता देवी, फुलमतिया देवी,ममता देवी, रंजनी गुप्ता, नुराजहा बीबी, चंपा देवी, सुनीता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि राशन का कालाबजारी करने वाले डीलर पर कारवाई करवाएंगे। उन्होंने कहा कि राशन की कालाबजारी के मामले पर कई स्थानों से शिकायत प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर उपायुक्त से मिलकर कारवाई कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद डीलर सुधार नहीं करते है तो गोदाम का ताला तोड़ो, गरीबों को राशन बटवाओ आंदोलन चलाया जाएगा।

# पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस अवर निरीक्षक अभय आनंद ने बताया कि सुदूरवर्ती कोदवरिया गांव के समीप जंगल में छापेमारी कर शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। साथ ही स्थल से बरामद 6 क्विंटल जावा महुआ करीब 60 लीटर निर्मित देशी शराब के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के आने की भनक पर धंधेबाज जंगल और पहाड़ी इलाके का लाभ लेकर भागने में सफल रहे। बावजूद पुलिस इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी अभियान में एसआई अभय आनंद के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

# विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में 91 लाख की लागत से बनेगा मार्केट कॉम्पलेक्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर के डाक बंगला परिसर मे 91 लाख की लागत से मार्केट कॉम्पलेक्स बनेगा। जिसका शिलान्यास शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। प्रतिमा कुमारी ने कहा कि इस मार्केट कांप्लेक्स के बन जाने से विश्रामपुर के युवाओं को व्यवसाय के लिए एक सुनहरा मौका मिलेगा। जिसका श्रेय स्थानीय को जाता है। प्रखड प्रमुख रंभा कुमारी ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। यहां के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इस मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मार्केट कैमलेक्स में 25 व्यावसायिक कमरे का निर्माण होगा.मौके पर किशोर कुमार, संवेदक चंचल मिश्रा, सोनू दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा, कई लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर पुल कोयल नदी स्थित टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा गया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसे आसपास के लोगो द्वारा एमएमसीएच में इलाज के लिए लाया गया, जानकारी के अनुसार टेंपो चैनपुर से सवारी लेकर डाल्टनगंज आ रहा था, तभी शाहपुर कोयल नदी पुल पर अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका चिकित्सक द्वारा एमएमसीएच में इलाज किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मेला में 519 मरीजो का जांच, परामर्श व नि-शुल्क दवा कराया गया उपलब्ध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य मेला में 519 मरीजो का जांच, परामर्श व निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुउख उर्मिला देवी, जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया. स्वास्थ्य मेला में कुल 11 स्टॉल लगाये गये थे। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा जांच, आंख, नाक, कान जांच, आयुष चिकित्सा जांच, योग पद्धति से जांच,परिवार नियोजन, कुपोषण उपचार ,यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यक्ष्मा जांच, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत नियमित टीकाकरण के तहत अलग अलग स्टॉल लगाया गया गया था। स्वास्थ्य मेला में लगे सभी स्टॉल पर जांच, उचित परामर्श के साथ साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा था। स्वास्थ्य मेला में डॉ अनुपमा, डॉ कैसर आलम, नेत्र सहायक नागेश्वर प्रसाद सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक करुणा कुमारी, अशफाक अहमद, राजेश कुमार सिन्हा, सुषमा कुमारी, लिपिक विपेश राज तमांग, नीलम लता, ममता कुमारी, प्रशांत तिवारी, दिलीप कुमार, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एसआरएम चित्रांश आईटीआई में मनाई गई भारत रत्न विश्वश्वरैया की 162 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित एसआरएम चित्रांशआईटीआई में शुक्रवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वश्वरैया की 162 वीं जयंती अभियंता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर संस्थान के निदेशक अमृता सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वश्वरैया देश के महान विभूति थे। आधुनिक भारत के नव निर्माण तथा अभियंत्रण के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं संस्थान के प्रिसिंपल सह इंजीनियर चंदन प्रजापति ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वश्वरैया नामी योजनाकार ही नहीं कुशल प्रशासक भी थे। इस अवसर पर शिक्षक विक्की सिंह, प्रदीप यादव, सोनू कुमार, विनीत कुमार के अलावे चंदन सिंह, शशि सिंह, रामाधार पासवान, इमरान, कुंदन कुमार, रवि कुमार, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# लुटेरों ने लूटपाट के दौरान चालक को मारी गोली, जांच में जुटी पलामू पुलिस

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कारी माटी गांव के समीप लूटपाट के दौरान अपराधियों ने एक वाहन चालक को गोली मार दी। अपराधियों की गोली से जख्मी वाहन चालक मुर्तजा अंसारी रांची के पंडरा का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार डालटनगंज-बालूमाथ रोड पर पलामू के पांकी और लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के बीच कारीमाटी घाटी में शुक्रवार की अहले सुबह अपराधी लूटपाट कर रहे थे। इस बीच मुर्तजा अंसारी नामक चालक 407 वाहन लेकर मौके से गुजर रहा था। अपराधियों में 407 वाहन को रोकने का प्रयास किया और फायरिंग की। इस घटना में मुर्तजा अंसारी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस संबंध में पांकी के प्रभारी थानेदार कुंदन पासवान ने बताया कि लूटपाट की घटना हुई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

एफ0–2 फार्म ऑफ कॉन्ट्रक्ट आधारित ई–निविदा सूचना

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/ 05 /2022-23 दिनांक :– 14-09-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Ordinary Repair Work of Gola to Muri Road under Non-Plan Head for the year 2023-24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 1,00,00,000/– (एक करोड) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 90(नब्बे) दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 27.09.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न् |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.10.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता , पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2403007 |

➢ निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in
➢ पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को यूकैन से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
➢ निविदा की राशि घट बढ़ सकती है।
➢ PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
E-mail ID : eercdramgarh-jhr@nic.in
PR 307105 (Road) 23-24 (D)
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़

**संक्षिप्त खबरें**

### जमीन घोटाले के आरोपित भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई 18 को

**रांची :** जमीन घोटाले के आरोपित भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत में भरत प्रसाद के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया। इसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 सितम्बर की तिथि निर्धारित की है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र और भरत प्रसाद के अधिवक्ता पीडी सिंह ने कोर्ट में बहस की। उल्लेखनीय है कि सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे भूमि की खरीद-बिक्री करने से जुड़े इस मामले में विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और राजेश राय सहित कई लोग आरोपित हैं।

### अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह से बचाव पक्ष का क्रॉस एग्जामिनेशन

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को अवैध खनन मामले की सुनवाई हुई। ईडी के गवाह का बयान आज खत्म हो गया। ईडी के गवाह विजय हांसदा ने कोर्ट में कहा कि उसने सादे कागज पर हस्ताक्षर किया है। क्योंकि, मुंगेरी यादव और अशोक यादव ने उसे धमकी दी थी और दबाव बनाया था। विजय हांसदा ने आज बचाव पक्ष के द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान यह बयान दिया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित थे जबकि पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

# नार ए तकबीर व जय बोले सो निहाल से गूंजा अल्पसंख्यक आयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जय बोले सो निहाल और नार ए तकबीर से गूंज उठा अल्पसंख्यक आयोग का परिसर, मौका था झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का। शुक्रवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। लंबे समय से खाली पड़े अल्पसंख्यक आयोग को झामूमो , कांग्रेस,राजद गठबंधन की सरकार ने कार्यकर्ताओं को मौका दिया है । जिसमें झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम , ज्योति सिंह माथारू , सदस्यों में मोस्लेउद्दीन तौसीफ, सुशील मरांडी, वारिस कुरैशी ,गफ्फार अंसारी, बरकत अली ,इकराम उल हक, सविता टुडू, सोगरा बेबी को जिम्मेदारी दी गई है। अल्पसंख्यक आयोग संवैधानिक पद है और इसी पर रहकर अल्पसंख्यकों के लिए उसके शिक्षा, रोजगार और विकास पर काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर आयोग



के लगभग सभी पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

इसके अलावा अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता सहित पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह , युवा आयोग के अध्यक्ष गौरव सिंह, उज्जवल तिवारी, आफताब आलम, मुस्ताक अहमद, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, गोविंद सिंह, रिकी सिंह, सर्फे आलम, त्रिलोचन सिंह, गुरमीत सिंह, रतन तिर्की, अजयनाथ शाहदेव सहित कई संगठनों के लोग उपस्थित हुए। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने कहा की खुशी की बात है कि लंबे समय से खाली पड़े अल्पसंख्यक आयोग को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल से खाली पदों को भर गया है और जो पदाधिकारी गण आए हैं उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। उम्मीद करते हैं कि अल्पसंख्यकों के लिए बेहतर काम करेंगे । वहीं स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है वह बहुत बड़ी है और अल्पसंख्यकों की बहुत काम करना अभी बाकी है। पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम, जैन, सिख ,इसाइ हैं सभी को देखना होगा और उनके बीच क्या समस्याएं हैं, उसमें सुधार लाना होगा और इसके लिए सबसे मिलकर काम करना होगा । वही अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हमसे ना सिर्फ झारखंड के अल्पसंख्यक मुस्लिम बल्कि जैन ,सिख,इसाई इन तमाम लोग जो पिछड़े हुए हैं वह सभी की जिम्मेदारी मेरे कंधे पर है और सब को साथ लेकर उनके आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध रहूंगा। वहीं उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि पद तो आज मिला है लेकिन काम तो मैं पहले से इन सब के बीच करता रहा हूं आगे भी काम करता रहूंगा।

## सेमीफाइनल आज, शंख-मयूराक्षी व अजय-दामोदर होंगे आमने-सामने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में खेली जा रही मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को टीम शंख और टीम मयूराक्षी आमने सामने होंगी जबकि दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय और दामोदर के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग होगी। शुक्रवार को ग्रुप ए के आखिरी लीग मैच में दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

दामोदर की ओर से पहला मैच खेल रहे प्लेयर ऑफ द मैच संदीप नाग ने दो शानदार मैदानी गोल और मोनू कुमार ने एक गोल दाग टीम को मध्यांतर तक 3-0 से बढ़त दिला दी। मैच के 15वें मिनट ने मोनू ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

इसके बाद मैच के 17वें मिनट में संदीप नाग ने एक शानदार फ्री किक से गोल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे हाफ में संदीप ने एक और गोल दागकर बढ़त 3-0 की कर दी। इसके बाद भैरवी की ओर से अमित कुमार ने गोल दागकर मैच में वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरी स्कोर 3-1 ही रहा। ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अशोक गोप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मयूराक्षी ने गंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। गंगा की टीम बिखरी हुई दिखी और इसका फायदा मयूराक्षी ने जमकर उठाया।

मैच के 12वें मिनट में अशोक ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे किया। इसके बाद 19वें मिनट में कुंदन ने एक और गोल दाग बढ़त 2-0 कर दी। 35वें मिनट में दिनेश ने एक और गोल दाग मयूराक्षी को सेमीफाइनल में पहुचने पर मुहर लगा दी है।

इससे पहले रांची के डीटीओ प्रवीण प्रकाश और सीसीएल के मैनेजर स्पोर्ट्स आदिल हुसैन ने खिलाड़ियां से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की और प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार भी बांटे।

## नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर फैसला 18 को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निलंबित इंजीनियर वीरेंन्द्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपितों के जमानत पर ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों आरोंपितों की याचिका पर 18 सितम्बर को फैसला की तिथि निर्धारित की है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की।

## ट्राइबल समुदाय के युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही राज्य सरकार : जितेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ट्राइबल समुदाय के युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्राइबल उद्यमियों के लिए अलग से इंडस्ट्रियल पार्क बनाने का निर्देश दिया है। इस पर कार्य चल रहा है। जल्द ही इस इंडस्ट्रियल पार्क का लाभ ट्राइबल उद्यमियों को मिलेगा। इस कार्य में ट्राइबल चैंबर, फेडरेशन ऑफ झारखंड जैसे कई संस्थाओं को सहयोग देना होगा। उद्योग सचिव शुक्रवार को रांची के रेडीशन ब्लू होटल में सीआइआइ झारखंड की तत्वावधान में आयोजित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय मंत्रालय और झारखंड सरकार ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को हर संभव मदद कर रही है। इसके लिए कई नीतियां बनायी गयी है। ट्राइबल उद्यमियों का इसका लाभ उठाना चाहिए। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई प्रकार के फायदा दे रही है। समिट में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समुदाय का विकसित होना जरूरी है। राज्य में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप की संख्या बढ़ी है। इन्हें सही मंच देना जरूरी है। सीआइआइ झारखंड सीएसइआर के संयोजक सौरव रॉय ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पर और मजबूती से काम करने की जरूरत है। राज्य में कई वैल्यू चेंज आ रहे हैं। इसका कारण युवाओं का एंटरप्रेन्योरशिप में आना मुख्य कारण है। कई सेक्टर में एंटरप्रेन्योरशिप आ रहे हैं। यह झारखंड के सुखद संकेत है। कई लोग बड़े शहरों को छोड़ कर झारखंड में काम कर रहे है। इन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। ट्राइबल चेंबर के राष्ट्रीय महासचिव बसंत तिर्की ने कहा कि सरकार हमें सहयोग करें ताकि आदिवासी समाज भी व्यापार और कारोबार कर सके। तकनीकी सत्र में सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा, अडानी पावर झारखंड लिमिटेड के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स संजीव शेखर, रीमा दास, असीम कंडुलना, कुमार अभिषेक उरांच, अमरनाथ लकड़ा, इक्फाई विश्वविद्यालय के वीसी प्रो रमन कुमार झा, प्रो रोहित कुमार, तरुण शुक्ला ने विचार रखे।

## आजसू पार्टी की बैठक 16 को, महाधिवेशन की तैयारियों की होगी समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा एवं प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक 16 सितम्बर को रांची कटहल मोड़, इटकी रोड स्थित लाल गुटवा बैंक्वेट हॉल में आयोजित होगी। इस बैठक में 29, 30 सितम्बर और एक अक्टूबर को प्रस्तावित पार्टी के महाधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्रस्तावित तिथियों पर मुहर लगेगी। तीन दिवसीय महाधिवेशन का आयोजन रांची स्थित मोराबादी मैदान में होना तय है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने शुक्रवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता



के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि यह महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा और इस महाधिवेशन के जरिए हम 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर बात करेंगे। इस महाधिवेशन के माध्यम से हम राज्य के विभिन्न विषयों पर चिंतन मंथन करेंगे और पार्टी के कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा, उत्साह के साथ आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे।

## कल्याण विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

**प्रभा मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार बी सिन्हा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की योजनाओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण राँची, सुधीर बाड़ा, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या-1, मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता हज़्ऱऱ्श्वज़्क़्ऱ-1, सागर प्रताप एवं कार्यपालक अभियंता हज़्ऱऱ्श्वज़्क़्ऱ-2-संजय कुमार और राँची जिला के सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहें। कल्याण विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना-2023-24**

प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए, संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि एसज़्सीज़, एसज़्टीज़, बीज़्सीज़ में बहुत कम आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त हुए है। जिसपर उपायुक्त राँची ने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यपकों से संपर्क कर योग्य छात्र-छात्राओं जल्द से जल्द आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें छात्रवृत्ति भुगतान की कार्रवाई की जा सकें।

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (2022-23) की समीक्षा करते हुए, संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि अभी वर्तमान में ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। जिसमें संबंधित संस्थानों द्वारा आवेदन की जाँच कर स्वीकृति दी जा रही है एवं संस्थानों द्वारा प्राप्त आवेदन की जाँच एवं सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। जिसपर उपायुक्त राँची ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की संस्थानों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को अच्छी तरह जाँच कर सत्यापन किया जाए ताकि सभी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान हो सकें।

## फ्री सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप का आयोजन 17 सितंबर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फ्री सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वूमेन और आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और आज़ाद आई केयर के सहयोग से केबी एकेडमी स्कूल होटल केन के बगल में मेंन रोड रांची में 17 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है । यह जानकारी प्रेस वार्ता में फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वूमेन की अध्यक्ष खुशबू खान ने दी। उन्होने कहा कि कैंप सुबह 11:00 से 3:00 बजे तक रहेगा। इस कैंप में जनरल फिजिशियन ,स्त्री रोग विशेषज्ञ, पेडियाट्रिक विशेषज्ञ समेत कई विशेषज्ञ डॉक्टर जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क परामर्श और काउंसलिंग करेंगे ,साथ ही कैंप में ब्लड शुगर




,ब्लड प्रेशर ,पल्स वजन, फ्री आई टेस्ट ,फ्री दवा वितरण समेत कई तरह की जांच की जाएगी। इस हेल्थ कैंप में मिस एंड मिसेज किचन क्वीन 2023 का आयोजन किया जाएगा । इसका थीम होगा हेल्दी और टेस्टी फूड जिसके जज होंगे सेफ सौरभ सेन जिसमें महिलाएं घर से बनी और टेस्टी फूड बनाकर लाएंगी। स्काइप में छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चे तरह-तरह के खेलों में भाग लेकर अपनी फिजिकल एक्टिविटीज को बढ़ाएंगे।

फेडरेशन ऑफ़ मुस्लिम वूमेन की अध्यक्ष खुशबू खाने कहा कि यह मेडिकल कैंप जरूरतमंदों के लिए लगाया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन काउंटर में कर सकते हैं ।

इस प्रेस वार्ता में निखत कैसर वारसी, सादिया फुजैल,तसलीमा परवीन, नजमा नेहा, सदफ यासमीन, शबाना परवीन, शहला जबीं , नसरीन शेख और नाजिया रजा मौजूद थी।

## 12 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस की तैयारी जोरों पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज 15 सितंबर को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. यह बैठक आगामी 12 अक्टूबर होने वाले 5वां स्थापना दिवस की तैयारी के मुद्दे पर रखी गई थी. काफी चर्चा के बाद तय किया गया कि स्थापना दिवस समारोह रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में आयोजित किया जायेगा. तय किया गया कि कोर कमिटि की बैठक में गठित तैयारी समिति ही6 रांची महानगर सहित पूरे जिले में प्रचार- प्रसार, दौरा, बैठक और जनसंपर्क करने का दायित्व निभाएंगे. जबकि अन्य केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अपने अपने प्रखंडों एवं जिलों में बैठक करके स्थापना दिवस की तैयारी करेंगे. साथ ही यह भी तय किया गया कि समारोह में आने वाले अतिथियों के नामों की घोषणा 25 सितंबर के बाद होने वाली बैठक में किया जायेगा. बैठक में यह भी तय किया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ही वर्तमान केंद्रीय समिति का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा, इसलिए केंद्रीय समिति के पुनर्गठन का अधिकार केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु को दिया जाता है. इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, संजीव चौधरी, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णा साहु, नरेश साहु, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु उपस्थित थे.

## रांची के थानों में जमीन माफिया की नो एंट्री का लगा पोस्टर

**रांची :** नामकुम थाना सहित अन्य थानों में भू-माफिया, जमीन दलाल की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। नामकुम थाना के गेट पर शुक्रवार को एक पोस्टर लगा है, जिसमें लिखा है कि जमीन दलाल, भू-माफिया का थाना परिसर में प्रवेश निषेध है। इसके अलावा भी कई अन्य थानों में भी ऐसा ही पोस्टर लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गत 10 सितम्बर को सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में एसएसपी ने थाना प्रभारियों से कहा था कि कहीं भी कोई यह आरोप नहीं आए कि थाना प्रभारी किसी लैंड माफिया के संपर्क में है।

## संशोधित मार्गदर्शिका व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संशोधित मार्गदर्शिका एवं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड), राँची के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ राजेश सिंह, निदेशक, सर्ड तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल अरिन्दम मोदक एवं ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जितेन्द्र कुमार देव, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा कार्यशाला में निदेशक, सर्ड एवं



भारत सरकार के पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल से स्वागत किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से मंत्रालय के डीडीजी अरिन्दम मोदक, अवर सचिव सुनिल कुमार झा, वरीय सांख्यिकी पदाधिकारी नितिन रंजन तथा कनीय सांख्यिकी पदाधिकारी विवेक सिंह उपस्थित हुए। अरिन्दम मोदक के द्वारा संशोधित मार्गदर्शिका एवं राज्य के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों, कार्यकारी एजेंसियों एवं तकनिकी पदाधिकारियों जो प्रतिभागी के रूप में कार्यशाला में उपस्थित हुए को विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। राजेश सिंह, निदेशक, सर्ड ने कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन के क्रम में सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्र के विकास के महत्व के सम्बन्ध में प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों को योजना में हुए संशोधन तथा गहन जानकारी कार्यशाला में प्राप्त करने का सुझाव दिया। सर्वश्री राकेश कुमार, रोहित सिंह, मुकेश कुमार, रवि शंकर, ठाकुर गौरी शंकर शर्मा तथा कोर फैकल्टी श्री राजीव रंजन एवं अनिल यादव ने संशोधित प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का समापन अमरेश कुमार, अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया।

# रांची में 69831आवास पूर्ण, 1982 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण किया जायेगा। इसे लेकर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, रांची धनबीर लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रखंड समन्वयक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपविकास आयुक्त एवं निदेशक डीआरडीए द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**10 अक्टूबर 2023 तक चलेगा 'चलो करें आवास पूरा' अभियान**




रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक 'चलो करें आवास पूरा' अभियान चलाया जायेगा। उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बैठक में अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सभी अपूर्ण आवासों को पूर्ण करना है। अभियान को सफल बनाने के लिए अपूर्ण आवास के लाभुक को आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें, पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करायें।

**जिला में 71813 में से 69831 आवास पूर्ण**

अभियान का क्रियान्वयन पंचायत/गांव/टोला स्तर पर योजना के प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव/पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक करेंगे, जबकि प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी नेतृत्व करेंगे। अभियान का अनुश्रवण प्रतिदिन जिला स्तर से उपविकास आयुक्त के माध्यम से किया जायेगा। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त श्री दिनेश यादव ने बताया कि जिला में 71813 में से 69831 आवास पूर्ण हो चुके हैं, शेष 1982 आवास अभियान के दौरान पूर्ण करने का लक्ष्य है।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 16 एवं 17 को दो दिवसीय गुरमति समागम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 16 सितंबर, शनिवार की रात को 8:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा स्वर्गीय मुखी मोहनलाल मिढ़ा जी की बरसी के उपलक्ष में 17 सितंबर,रविवार को सुबह 7.30 बजे से 10.30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा.दीवान में हाजिरी भरने के लिए सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई बलप्रीत सिंह जी लुधियाना वाले तथा भाई संदीप सिंह जी दरबार साहिब,अमृतसर वाले विशेष रूप से पधार रहे हैं.शनिवार रात के दीवान में भाई बलप्रीत सिंह जी लुधियाना वाले तथा रविवार के दीवान में भाई संदीप सिंह जी दरबार साहिब,अमृतसर वाले शबद कीर्तन कर साध संगत को निहाल करेंगे.इसके अलावा दोनो दीवानों में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह जी कथा वाचन करेंगे तथा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी शबद गायन करेंगे.

## सिल्ली में नये सीओ ने पदभार संभाला

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली अंचल कार्यालय में नए पदस्थापित अंचलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आम जनता की काम समय पर निष्पादन होगा। अंचल के सभी आम लोगों को राजस्व संबंधित कार्य करने में कोई प्रकार की कठिनाइयां नहीं होंगी। राजस्व से संबंधित कार्य समय पर होगा। कार्यालय में सभी कर्मियों से परिचय किया एवं कई निर्देश दिए।



## जीआरपी मुरी ने जागरूकता अभियान चलाया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय रेल थाना मुरी एवं रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वाधान में रेलवे स्टेशन तथा ट्रेनों में राजकीय रेल थाना के थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी ने यात्रियों को जागरुक करते हुए अपील किया कि सफर करते समय नशा पान से दूर रहें ताकि दूसरे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े एवं डायन विसाही के चक्कर में ना पड़े क्योंकि यह एक अंधविश्वास और अभिशाप है। मॉब लिंचिंग से दूर रहे तथा मानव तस्करी की जानकारी होने पर तुरंत राजकीय रेल थाना या रेलवे सुरक्षा बल को सूचित करें ताकि समय रहते ही करवाई किया जा सके। इस मौके पर रेल थाना के अवर निरीक्षक शिव परशन राम, आरक्षी रंजन सिंह, अभिमन्यु महतो, चुनाराम मुर्मू, रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार तथा संतोष कुमार समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल रेफरल बुंडू में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अजय साव, सिविल सर्जन दिलीप पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस स्वास्थ्य शिविर में 31मलेरिया जांच,116 एड्स का जांच, 50 लोगों का कान का जांच, गला, मोतियाबिंद की जांच,54 परिवार नियोजन, मातृत्व स्वास्थ्य के अलावा 832 मरीज ने स्वास्थ्य जांच कर लाभ उठाया मरीज के लिए अलग-अलग स्लॉट में डॉक्टर नर्स ने मरीज का जांच कर दवा वितरण किया गया इस मौके पर डॉ राणा सिंह, डॉ अविनाश साय, डॉ प्रियंका, डॉ अर्चना गुप्ता, सदानंद महतो, अभिषेक कुमार, अमन कुमार, सुरेंद्र महतो सहित अन्य कर्मी थे।

## मांडर प्रखंड मुख्यालय में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन बीमारियों को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मांडर विधायक शिल्पी मुख्य रूप से शामिल हुई की ने की इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें 350 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई साथ ही मलेरिया टीवी डेंगू चिकनगुनिया फलेरिया कैंसर संबंधित रोगों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोगों की जिंदगी में सबसे बड़ी चीज अपने आप को स्वास्थ्य रहना ही है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुडरी, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो,मांडर चिकित्सा प्रभारी कुशोर कुल्लू, सेरोफिना मिंज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## अमृत कलश कार्यक्रम का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आज भाजपा टाटीसिलवे मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी के नेतृत्व में हर घर से मेरा माटी मेरा देश के तहत अमृत कलश कार्यक्रम चलाया गया जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा जी की जी के द्वारा महिलौग स्थित सरला बिड़ला परिसर से उनके घर से अमृत कलश में मिट्टी लिया गया एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी के महिलौग स्थित घर से उनके द्वारा मिट्टी ली गई एवं पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद एवं पूर्व जिला ग्रामीण महामंत्री राजेंद्र प्रसाद के घरों से अमृत कलश में मिट्टी ली गई । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महामंत्री अमित कुमार मिश्रा पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजु महतो ,रंजन सिन्हा, गिरिधर मिश्र, युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यजीत सिंह फूल फिलवट लिंडा लालमोहन महतो विनोद मिर्धा सुबोध सिंह क सिंह राजकुमार सिंह विजय कुमार मिश्रा एवं बहुत से ग्रामीण उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।




## विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने स्टार क्लब टीम के बीच किया फुटबॉल का वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सह बचरा उतरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कई टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया।जानकारी के अनुसार बुण्डू पंचायत के किरीगड़ा गांव मे स्टार क्लब फुटबॉल टीम के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने पंचायत गांव और जिला सहित राज्य का नाम रोशन करने की अपील की, साथ ही खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,चिंटू कुमार क्लब के कप्तान संतोष कुमार महतो सहित कई फुटबॉल टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।



## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड युवा कमेटी की हुई बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड युवा कमेटी की बैठक टंडवा मे संपन्न हुई।बैठक में पिपरवार सहित सभी पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज और संचालन प्रखंड महासचिव गोविंद पांडा ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज ने कहा कि टंडवा और पिपरवार जैसे औद्योगिक नगरी में स्वास्थ्य,बिजली, पानी रोज़गार जैसे समस्याओं का अंबार होना काफ़ी दुर्भाग्य है।उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान को लेकर युवा कमेटी आंदोलन की रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि बुथ स्तर पर पार्टी का विस्तार कर पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा।उन्होंने एनटीपीसी,मगध, आम्रपाली,पिपरवार और अशोका मे स्थानीय बेरोजगार को रोज़गार देने की मांग की।युवा चतरा जिला अध्यक्ष मोती लाल पासवान ने कहा कि केन्द्र सरकार ने युवा, महिला और भारत के किसान भाइयों को झुठा आश्वासन देकर सत्ता हासिल किया था,लेकिन अब भारत के लोग जागरूक हो गये है और आगामी लोकसभा चुनाव में जवाब देने का काम करेगे।बैठक मे राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रवि सिंह,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोती लाल पासवान,जिला उपाध्यक्ष सह मिश्रोल पंचायत मुखिया सुबेश राम, रवींद्र गुप्ता,अरून यादव, सुरेंद्र टाना भगत, मनोज हलुवाई, कामेश्वर यादव, सुनील पासवान,रजनिश कुमार,इंद्रजीत पासवान, प्रमोद पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।



# बेंती में ग्रामीणों की बैठक में दुर्गापूजा समिति का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती शिव मन्दिर प्रांगण मे ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक सेवक गंझु की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेंती पंचायत में दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुर्गा पूजा के सफल संचालन को लेकर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष हरिनारायण गंझू,उपाध्यक्ष रचित गंझू,आदित्य केसरी, सचिव गणेश भुईयां,उप सचिव लखन साव,शंकर गंझू,हेमराज प्रजापति, रामबालक गंझू,मुन्ना ठाकुर, कोषाध्यक्ष संतोष केसरी,उप कोषाध्यक्ष प्रेम ठाकुर,संगठन सचिव पवन केसरी,शिव कुमार पासवान,बासुदेव गंझू को बनाया गया।वही जिप सदस्य नेहा उरांव, मुखिया सरिता देवी,पंसस कुमारी अनुप्रिया,उप मुखिया किरण कुमारी,समाजसेवी रोहन गंझू,मनोज पासवान, धनराज भोक्ता,सुखी गंझू, सोमर गंझू,हदीस अली, राजेश प्रजापति,बैजनाथ प्रजापति,दुर्गा पासवान, सीताराम केसरी,जयराम भुईयां, सेवक गंझू,दिलीप गंझू,संजय केसरी, राज कुमार गंझू, केला पासवान, कृष्ण गंझू,विजय साहू, सुनील केसरी को संरक्षक बनाया गया है।इसके अलावे सिकेन्द्र प्रजापति, गोलू केसरी,अंकुश केसरी, रोहित केसरी, मनीष केसरी, सोनू केसरी,राहुल गंझु, अशोक गंझु, नितेश प्रजापति, छोटन पासवान, आदित्य केसरी, मनोज केसरी, मोनू केसरी,चंदन केसरी, मुनेश्वर गंझू, अरविंद, राहुल गंझू, मोहन गंझू,विनोद गंझू, राहुल गंझू, राहुल गंझू सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।



# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के नरकोपी थाना के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। झारखंड सरकार के तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क परामर्श, जाँच एवं दवा की सुविधा उपलब्ध कराया गया। विधायक स्वास्थ्य मेला में लगे सभी स्टॉल मे जाकर एक एक चीज की विस्तार से जानकारी ली। इस मेला मे पूरे प्रखंड के कोने कोने से ग्रामीण आये हुए थे, विधायक ने इस मेले मे आये सभों को सम्बोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा में आंख, नाक, गला, टीवी नियंत्रण, पोषण परामर्श, बाल स्वास्थ्य में मोतियाबिंद जांच, कुष्ठ नियंत्रण, संचारी और गैर संचारित सेवा मातृव स्वास्थ्य मे दंत चिकित्सा जाँच, त्वचा की जाँच, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य परिवार नियोजन मे वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श, मलेरिया, उपलब्धता अनुसार दवा तथा मानसिक स्वास्थ्य मे कैंसर नियंत्रण जागरूकता एवं टिकाकरण पीड़ित व्यक्ति या महिला का यहाँ निशुल्क किया जायेगा। विधायक ने आगे कहा कि नरकोपी की दूरी बेड़ो से काफी है, और इमरजेंसी में मरीज को नरकोपी से बेड़ो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने मे काफी दिक्कतों का सामना मरीज के परिवार को करना पड़ता है। इस सभी चीजों को देखते हुए विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों के सामने घोषणा करते हुए एक एम्बुलेंस नरकोपी वासियो के लिए देने की बात कही। ताकि इमरजेंसी में मरीज को बेड़ो लाने मे दिक्क़त न हो। मौके पर अंचलाधिकारी, स्वास्थ्य प्रभारी, उप प्रमुख मोदासीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि लालदेव, सिल्वेस्टार कचछप, हबीब अंसारी उपस्थित थे।



# जेएसएलपीएस एफपीसी की बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के मुरतो पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को जेएसएलपीएस एफपीसी की बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुए। बैठक मे प्रखंड सभी पंचायत के गांवों की महिलाओ ने भाग लिया। विधायक उपस्थित सभी महिलाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबी एवं दक्ष बन रही है। ग्रामीण महिलाएं सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर हो रही है आत्मनिर्भर व सशक्त हो रहीं हैं। आज बहुत सारी महिला समूह आजीविका से जुड़कर प्रति माह हजारों, लाखो रुपये तक कमा लेती है। विधायक ने अपने ही विधानसभा क्षेत्र की ही कुछ महिला समूह के बारे मे भी एक दो उदहारण देते हुए बतलाया कि कैसे महिलाएं अपने गांव में महिला समूह बनाकर जेएसएलपीएस से जुड़कर और सरकार की योजनाओं के अलावा अन्य चीजों को लेकर लाभ कमा रहें हैं। मौके पर जेएसएलपीएस के मुकेश कुमार सिन्हा, जिला परिषद बेरोनिका उराँव, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, सिल्वेस्टार कच्छप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-18/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.09.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.09.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.09.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall PCC Approved Road, Paver in the Campus 100 Bedded, ITI Hostel at Bundu Ranchi | 3618700.00 | 72400.00 | 5000.00 | Three Months |

**नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।**

**कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची**

PR 307053 Building(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 20/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.09.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.09.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.09.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary wall of Kartik Oraon Library under Manika Block in Latehar District. | 24,97,637/- | 50000/- | 5000/- | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमंड़ल, लातेहार**

PR 307044 Building (23-24)_D


# सीआईटी में समारोह पूर्वक मना इंजिनियर्स डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** कैंब्रिज इंस्टिटिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में 56वां इंजिनियर्स डे समारोह पूर्वक मनाया गया । मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम में वतौर मुख्यातिथि इंजि.राज कमल सिंह (एसोसिएट पार्टनर ग्रांट थोर्णटेन ) एवं विशिष्ट अथिति के रूप में पूर्ववर्ती छात्र आशीष कुमार मिश्रा ( चीफ मैनेजर कनारा बैंक ) सैयद सैफ रेहमान (सेल्स हेड, स्कीनण्डलर इंडिया प्रा. लि.) ने भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी ने अतिथियों का स्वागत किया व उनका परिचय कराया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ एम. विश्वासरैया के चित्र पर माल्यार्पण पर एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए एम. बी. ए विभागध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह ने सर विश्वासरैया के जीवन पर प्रकाश डाला और अभियंत्रण के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यतिथि इंजि. राजकमल सिंह ने कहा की समाज के उत्थान में अभियंताओं की भूमिका काफ़ी अहम् है।नित नये तकनिकों और तेज़ी से बदलती दुनिया के साथ कदमताल कर हमें मानव विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता बस फोकस कर ध्यान केंद्रित करें।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का हुआ शुभारंभ

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**खूंटी :** स्वच्छ भारत मिशन, खूंटी द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का जिले में शुभारंभ हुआ। उप विकास आयुक्त, खूंटी नितीश कुमार सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जल सहिया को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष 2 अक्टूबर को स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रुप देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के तौर पर मनाया जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती के दिन 2 अक्टूबर को एक श्रंद्धाजली है।

# मांडर थाना परिसर में बैंक अधिकारियों की हुई बैठक, बैंकों में सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक की इस दौरान बैंकों के अंदर अलार्म स्विच सहित सिक्योरिटी को लेकर की गई चर्चा इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बैंक में रोजाना होने वाले लेनदेन को सुरक्षित कैसे बनाया जाए इसको लेकर आज बैठक की जा रही है इस बैठक के बाद सभी बैंकों के अधिकारियों को बैंक के अंदर जगह अलार्म स्विच और ज्यादा नगद निकासी को लेकर सतर्कता बढ़ाने को कहा गया है साथ ही बैंकों के द्वारा संचालित सीसीपी केंद्रों को भी कई दिशा निर्देश दिए गए हैं उन्होंने बताया कि ज्यादा कैश के लेन-देन करने वाले लोगों को सुरक्षित उनके स्थान पर तक पुलिस कैसे भेजें इसके भी उपाय किए जा रहे हैं बैंक के अधिकारियों से कहा गया कि सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों से बात कर एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड भी बैंक को मुहैया कराई जाए साथ ही क्षेत्र में लगे एटीएम पर भी आवश्यक सुरक्षा के उपाय किए जाएं इस बैठक में क्षेत्र के सभी बैंक अधिकारी व प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी सीएसपी केंद्रों के संचालक मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 08/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :–दिनांक 22/09/2023 एवं 23/09/2023(अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25/09/2023. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25/09/2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– जायका नीति आयोग मद से प्राप्त Award राशि / राजस्व मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जायका नीति आयोग मद से प्राप्त Award राशि | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Koleng | पालकोट | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 2 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Budhipat | भरनो | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 3 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Surhun Nawatoli | कामाडारा | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 4 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Sahkuapani | विशुनपुर | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 5 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Kapri | बसिया | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 6 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Bhadauli 01 | सिसई | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 7 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Kharka Pahantoli | गुमला | 1312800.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 8 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम पतराटोली अन्तर्गत विधालय GPS Khirakhand में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | रायडीह | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 9 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम कांसीर अन्तर्गत विधालय GPS Chirgao में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | रायडीह | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 10 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत पालकोट प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम बिलिंगबिरा अन्तर्गत विधालय UPGPS Dhawtha Damair में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | पालकोट | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 11 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत पालकोट प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम नाथपुर के विधालय Rajkiyekrit Primary School Barkitoli में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | पालकोट | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 12 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत गुमला प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम घटगांव अंतर्गत विधालय GPS Ghatasatpara में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | गुमला | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 13 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत गुमला प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम आंजन अंतर्गत विधालय GPS Harnakhand में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | गुमला | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 14 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत गुमला प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम घटगांव अंतर्गत विधालय GPS Ghatakolpara में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | गुमला | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 15 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत कामडारा प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम कोन्सा अंतर्गत विधालय GPS Milgatoli में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | कामडारा | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 16 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम बामदा अंतर्गत विधालय UPGPS Sargaon में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | चैनपुर | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 17 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम बारडीह अंतर्गत विधालय UPGPS Bardih में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | चैनपुर | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 18 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम छारदा अंतर्गत विधालय Rajyakrit Middle School Chharda में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | सिसई | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 19 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम लकैया अंतर्गत विधालय Rajyakrit Upgraded Middle School Lakeya में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | सिसई | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |
| 20 | DMFT मद | गुमला जिला अंतर्गत डुमरी प्रखण्ड के पंचायत/ग्राम जैरागी अंतर्गत विधालय Gums Girls Jairagi में नये दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | डुमरी | 1984950.00 | 5000.00 | 11200.00 | 5 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्त्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट** निबंधित संवेदक के **बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा** एंव **बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

**जिला अभियन्ता,**
**जिला परिषद, गुमला।**

PR 307077 (Rural Development) 23-24 (D)

## न्युवोको का पेटेंट प्राप्त ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट बाजार में पेश




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह ने घोषणा किया है कि उसके प्रायोजक उत्पाद 'फाइबर रिइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन जिसे बाजार में ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट के नाम से ब्रांडेड किया गया है, इसने एक पेटेंट प्राप्त किया है। यह पेटेंट, आवेदन की तारीख 4 अप्रैल 2018 से प्रभावी है और इसे अगले 20 वर्षों के लिए विशेष अधिकार मिले है। इस संबंध में न्युवोको विस्टास के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णस्वामी ने अपनी खुशी व्यक्त की और बताया कि न्युवोको में हमारी सफलता के लिए ग्राहक अनुभव मुख्य है। इसलिए हम नवाचार को प्राथमिकता देते हैं। हमारा कंस्ट्रक्शन डेवलपमेंट और इनोवेशन सेंटर (सीडीआईसी) उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले सतत और नवाचारी उत्पाद बनाने के लिए समर्पित है। मालूम हो कि ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट का उपयोग निर्माण के हर चरण में किया जाता है, जिसमें नींव रखने से लेकर पलस्तर और छत की ढलाई तक शामिल है, जो सूक्ष्म दरारों के खिलाफ दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा व सभा को लेकर एमजीएम मंडल में हुई तैयारी बैठक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 5 अक्टूबर को भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा में संकल्प यात्रा के क्रम में सभा का आयोजन होगा। इसके लिए शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा की समन्वय कमेटी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक एमजीएम मंडल के मुखियाडांगा में संपन्न हुई। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने बताया कि सभा को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के कोल्हान प्रमंडल प्रभारी विनोद सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मंत्री नीलू मछुआ व जितेंद्र राय, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित थे।

## नारायण आईटीआई में इंजीनियरिंग दिवस पर मनाई गई एम विश्वेश्वरैया की जयंती



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में इंजीनियरिंग दिवस के शुभ अवसर पर एम विश्वेश्वरैया की जयंती मनाई गई ।इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटा शंकर पांडे ने विश्वेश्वरैया के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे इंजीनियर के रूप में बहुत से अद्भुत काम किये. उन्होंने सिन्धु नदी से पानी की सप्लाई सुक्कुर गाँव तक करवाई, साथ ही एक नई सिंचाई प्रणाली 'ब्लाक सिस्टम' को शुरू किया. उन्होंने मैसूर में कृष्णराज सागर बांध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. ऐसे बहुत से और कार्य विश्वेश्वरैया ने किये, जिसकी लिस्ट अंतहीन है. मौके पर मुख्य रूप से एडवोकेट निखिल कुमार, जोयदीप पांडे ,शांति राम महतो ,पवन महतो, अजय मण्डल आदि मौजूद थे।

## कुचाई के बिरसा स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड के बिरसा स्टेडियम में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन स्थानीय विधायक दशरथ गागराई,जिला के सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिन्हा,सीओ रवि कुमार,सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंह देव,विधायक के धर्म पत्नी बासंती गागराई ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से आम जनों के लिए हमारी सरकार पंचायतों एवं प्रखंडो में स्वास्थ्य सेवा दें रही है. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार मुर्मू ने लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। शिविर में कुल 367 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,अंचल अधिकारी रवि कुमार, बीडीओ सुजाता कुजूर,सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू आदि उपस्थित थे.

## टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन पंजीकरण शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) (बीएसईः 532540, एनएसईः टीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के 24 वें संस्करण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। छात्रों को पंजीकरण 21 सितंबर 2023 के पहले करना होगा। बेंगलुरु टेक समिट 2023 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज़ का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज़ में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज़ शोज़ भी होंगे। छोटे शहरों और ज़िलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज़ में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज़ में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज़, इंटरनेट, एडवरटाइज़िंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग और मोबाइल्स की दुनिया। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ में भारत भर में आठ रीजनल फाइनल्स होंगे। हर रीजनल फाइनल के भाग्यशाली विजेता को बेंगलुरु में नवंबर में होने जा रहे नेशनल फाइनल्स के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सभी रीजनल विजेताओं को 10,000 रुपयों के और उपविजेताओं को 7000 रुपयों के गिफ्ट वाउचर्स से पुरस्कृत किया जाएगा। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के भाग्यशाली राष्ट्रीय विजेता को 1,00,000 रुपयों की टीसीएस एजुकेशन स्कॉलरशिप और राष्ट्रीय उपविजेता को 50,000 रुपयों की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा।

# दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में एनआईटी जमशेदपुर के आठ प्रोफेसर का नाम शुमार

### संस्थान के 8 प्रोफेसरों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने वैज्ञानिकों की श्रेणी में शामिल किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनआईटी जमशेदपुर के संकाय ने 2023 के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में अपनी पहचान बनाकर संस्थान को पूरे देश में गौरवान्वित किया है। संस्थान के 8 प्रोफेसरों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में शामिल किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारतीय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एनआईटी जमशेदपुर के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। यह सर्वेक्षण अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समूह द्वारा चयन के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें वैज्ञानिकों का चयन उनके लिए प्रकाशित शोध कार्य प्राप्त उद्धरणों के आधार पर किया जाता है। इस वर्ष एनआईटी जमशेदपुर से जिन प्रोफेसर्स को दुनिया के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है उनमें गणित विभाग के डॉ. सुनील कुमार और डॉ. स्नेहाशीष कुंडू, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सतीश कुमार और डॉ. विशेष रंजन कर, भौतिकी विभाग के प्रोफेसर उज्जवल लाहा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग के डॉ. अजय कुमार और डॉ. नागेंद्र कुमार शामिल हैं। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक (प्रो.) गौतम सूत्रधर ने इस सम्मान का स्वागत किया और इसके लिए चयनित प्रोफेसरों की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। वे इस उपलब्धि को स्थायी और महत्वपूर्ण मानते हैं और कहा की यह एनआईटी जमशेदपुर के वैज्ञानिक समुदाय के लिए गर्व की बात है। इस सम्मान से, एनआईटी जमशेदपुर अगले कदमों की ओर अग्रसर है और अपने वैज्ञानिकों को जटिल चुनौतियों का सामना करने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए शक्तिशाली बनाता है। संस्थान के कुलसचिव कर्नल (डॉ.) निशीथ कुमार राय ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की इन प्रोफेसरों के योगदान ने एनआईटी जमशेदपुर को एक उच्चतम स्तर पर शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रमुख बनाया है, और उन्हें इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई और अभिनंदन की प्राप्ति है। इस आशय की जानकारी संस्थान के जनसंपर्क पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी सुनील कुमार भगत ने दी।

## खासमहल लीज भूमि फ्रीहोल्ड की मांग को ले त्रिशानु ने मंत्री व सांसद को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर/चाईबासा:** खासमहल लीज भूमि को फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को प.सिंहभूम जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने कांग्रेस भवन, चाईबासा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित प. सिंहभूम जिला के प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख तथा सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा को ज्ञापन सौंपा । सौपें ज्ञापन में त्रिशानु राय ने कहा कि लीजधारियों को अपने घर / जमीन पर पूर्ण स्वामित्व मिले। फ्रीहोल्ड नहीं होने के कारण शहरी क्षेत्रों की मूल्यवान जमीन का ना तो विकास हो पा रहा है और ना ही इसके क्रय-विक्रय का निबंधन और नामांतरण हो रहा है। अधिकतर खासमहल भूमि मात्र एकरारनामा और पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर खरीद-बिक्री की जाती है। जिससे राज्य सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है। इस भूमि के एवज में बैंक ऋण उपलब्ध नहीं हो पाता। वर्त्तमान सरकार द्वारा इस निर्णय को लागू करना लोक हित में अत्यंत लाभकारी होगा। खास महल भूमि के फ्रीहोल्ड किए जाने के निर्णय को मूर्तरूप देकर इसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतू फ्रीहोल्ड पट्टा के आवेदनों को एक निश्चित समय सीमा में निस्तारण हेतू आवश्यक कदम उठाया जाए ।

## गोपीडीह गांव के वन क्षेत्र का हुआ स्थल निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** वन अधिकार कानून 2012 धारा 12(1)और 12 क (1) के तहत भौतिक सत्यापन व वन अधिकार नियम 2012 नियम 12(1च) के अंतर्गत कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत के गोपीडीह गांव के वन क्षेत्र का सीमांकन कार्यवाही वन अधिकार समिति गोपी दी को ग्राम सभा गोपी के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मुख्य रूप से तिलोपपादा पंचायत के मुखिया रामसोय कुचाई आंचल के राजस्व कर्मचारी सुरेश मंडा वन विभाग के अमित पटनायक सरोज माहली एवं झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के प्रखंड प्रभारी भरत सिंह मुंडा उपस्थित हुए। मौके पर प्रखंड प्रभारी भरत सिंह मुंडा ने अंचल कर्मी व वन कर्मियों का आभार जताया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम मुंडा गोपीनाथ मुंडा, अध्यक्ष साधु चरण सुंडी, कृष्ण चंद्र सोय, आदि थे।

# टाटा स्टील व यूके सरकार संयुक्त रूप से यूके स्टील उद्योग में सबसे बड़े निवेश के प्रस्ताव पर हुए सहमत

### प्रस्ताव यूके के पोर्ट टैलबोट में विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सस्टेनेबल स्टील निर्माण की दिशा में डीकार्बोनाइजेशन का मार्ग प्रशस्त करेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील और यूके सरकार संयुक्त रूप से यूके स्टील उद्योग में दशकों के लिए सबसे बड़े निवेश के प्रस्ताव पर हुए सहमत है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए, टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, यूके सरकार के साथ समझौता इस्पात उद्योग और वास्तव में यूके में इंडस्ट्रियल वैल्यू चेन के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण है। यूके में सस्टेनेबल स्टील मेकिंग के भविष्य के लिए प्रस्तावित ट्रांजीशन मार्ग विकसित करने में सरकार और प्रधान मंत्री ऋषि सुनक के साथ काम करना बेहद खुशी की बात है। प्रस्तावित निवेश महत्वपूर्ण रोजगार के अवसरों का सृजन करेगा और साउथ वेल्स में ग्रीन टेक्नोलॉजी-आधारित इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम के विकास के लिए एक बड़े अवसरों के द्वार खोलेगा। हम इन प्रस्तावों पर अपने हितधारकों के साथ जिम्मेदार तरीके से काम करने के लिए उत्सुक हैं। टाटा स्टील के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर, टीवी नरेंद्रन ने कहा, टाटा स्टील यूके को हैवी ऐंड फैसिलिटीज के अपने जीवनचक्र के अंत के करीब पहुंचने के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दशकों में यूके स्टील उद्योग में सबसे बड़े निवेशों में से एक यह प्रस्तावित परियोजना, सभी हितधारकों के लिए इष्टतम परिणाम का अवसर प्रदान करती है। हम टाटा स्टील यूके के लिए भविष्य के जोखिम और अवसरों के संदर्भ में प्रस्तावित ट्रांजीशन पाथवे पर यूनियनों के साथ सार्थक परामर्श करेंगे। यूके सरकार के समर्थन और सभी हितधारकों सहित टाटा स्टील यूके के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से, हम टाटा स्टील यूके को एक हरित, आधुनिक भविष्य के लिए तैयार कारोबार में बदलने के लिए काम करेंगे। टाटा स्टील और यूके सरकार ने यूके सरकार से £500 मिलियन तक के अनुदान सहित £1.25 बिलियन की पूंजीगत लागत के साथ पोर्ट टैलबोट साइट पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्टीलमेकिंग में निवेश के प्रस्ताव पर एक संयुक्त समझौते की घोषणा की, जो प्रासंगिक विनियामक अनुमोदन, सूचना और परामर्श प्रक्रियाओं तथा विस्तृत नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप देने के अधीन है। यह परियोजना यूके की इस्पात सुरक्षा को मजबूत करेगी और स्थानीय इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा, जिससे एक दशक में प्रत्यक्ष उत्सर्जन में 50 मिलियन टन की कमी आएगी। प्रस्तावित परियोजना ट्रांजीशन के बाद पोर्ट टैलबोट में स्टील मेकिंग की निरंतरता सुनिश्चित करेगी और टाटा स्टील यूके को एक सस्टेनेबल, पूंजी-कुशल और लाभदायक कारोबार में बदल देगी। यूके सरकार के समर्थन से, इस परियोजना में निवेश की एक मजबूत संभावना है। टाटा स्टील यूके जल्द ही पोर्ट टैलबोट में कार्बन-इंटेंसिव, गैर सस्टेनेबल लौह और इस्पात निर्माण सुविधाओं के लिए संभावित गहन पुनर्गठन सहित प्रस्ताव और ट्रांजीशन अवधि पर परामर्श शुरू करेगा, जहां कई मौजूदा %हैवी ऐंड% परिसंपत्तियां - जैसे ब्लास्ट फर्नेस और कोक ओवन- अपने संचालन के जीवनचक्र के अंतिम पड़ाव में पहुँच रहे हैं। प्रस्तावित परियोजना में टाटा स्टील की बैलेंस शीट का पुनर्गठन भी शामिल होगा, जिसमें यूके परिचालन में मौजूदा नकदी घाटे और लिगेसी इन्वेस्टमेंट की गैर-नकद हानि को संभावित रूप से समाप्त किया जाएगा। ट्रांजीशन अवधि और परियोजना चरण के दौरान, टाटा स्टील यूके ग्राहक और बाजार के प्रति प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उत्पादों की निर्बाध और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गहनता से काम करेगा। निवेश प्रस्ताव के अलावा, सस्टेनेबल भविष्य के लिए मटेरियल साइंस में वैश्विक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने की टाटा स्टील की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, कंपनी ने आज यूके में दो अतिरिक्त सेन्टर ऑफ इनोवेशन स्थापित करने के लिए 4 वर्षों में लगभग £20 मिलियन का निवेश करने के अपने इरादे की भी घोषणा की, एक मैनचेस्टर में हेनरी रॉयस इंस्टीट्यूट में (एडवांस मटेरियल रिसर्च के लिए) और दूसरा इंपीरियल कॉलेज लंदन में (सस्टेनेबल डिजाइन और मैनुफैक्चरिंग में अनुसंधान के लिए)।

## मारपीट मामले में तीन आरोपी गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां पुलिस ने मारपीट कर युवक को गंभीर रुप से घायल करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस संबंध में खरसावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये युवक सीनी ओपी क्षेत्र के सरमाली गांव के कुश सरदार (18) व जोजो गांव के जय मोहन सरदार (20) तथा नंदुडीह गांव के कमल सरदार (24) है. उन्होंने बताया कि विगत चार सितंबर को दया हजाम खरसावां के बाजारसाही में अपना सैलुन का दुकान बंद कर साइकिल से खेजुरदा स्थित अपने गांव वापस लौट रहा था. इस दौरान किसी बात को लेकर तीन युवकों के साथ उसकी कहा सुनी हो गयी. तीनों युवकों ने दया हजाम की पीटाई कर गंभीर रुप से घायल कर दिया.

# नियोजन अधिनियम का अनुपालन नहीं करने वाले तीन संस्थानों को 25-25 हजार रू का लगा जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** राज्य अंतर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जहां 10 या उससे अधिक कार्य बल कार्यरत है, उनको झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है। निजी प्रतिष्ठानों में बाह्य स्रोत से सेवा प्रदाता संस्था एवं संवेदक भी इस अधिनियम के दायरे में आते हैं। इसका अनुपालन नही करने वाले नियोजकों के विरुद्ध उपायुक्त द्वारा प्रावधान के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि अब तक जिले के अधिकांश संस्थानों ने



अपने संस्थान का निबंधन इस अधिनियम के तहत करा लिया है। विभिन्न माध्यमों से सूचित करने के उपरांत भी कुछ संस्थानों द्वारा अब तक इस अधिनियम के तहत निबंधन नहीं कराया गया है। श्रम अधीक्षक कार्यालय, जिला उद्योग केंद्र एवं जिले के सभी अंचल कार्यालयों व उद्योग जगत के संगठनों से उनके क्षेत्राधीन सभी संस्थानों की सूची प्राप्त कर डिफाल्टर संस्थानों को चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा अब तक जिले के ऐसे 40 संस्थानो को नियमानुसार उपायुक्त द्वारा नोटिस दिया गया है। उनमे से तीन संस्थानों के विरूद्ध 25-25 हज़ार रुपये जुर्माने की कार्रवाई की गई है। ये डिफाल्टर संस्थान हैं जो वन इंडिया फैमिली मार्ट सरायकेला, भलोटिया मोटर्स सरायकेला एवं प्रधान राईस प्रोडक्ट्स राजनगर है।

# करीम सिटी कॉलेज में आयोजित अप्रेंटिसशिप-कम जॉब मेला में 2 हजार अभ्यर्थियों ने लिया भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में दो दिवसीय रोजगार मेले का आज समापन हुआ। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण-सह- रोज़गार मेले में झारखंड राज्य और बाहर के लगभग 2000 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान अभ्यर्थियों में काफी उत्साह भी देखने को मिला। मेले में डिप्लोमा के अलावा इंजीनियरिंग डिग्री धारक एवं सामान्य स्नातक डिग्री धारक भी शामिल हुए। दो दिवसीय रोजगार मेले में लगभग 54 कंपनियों ने भाग लिया जिनमें राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी शामिल थीं।



राष्ट्रीय कंपनियों में टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा ब्लूस्कोप स्टील, रामकृष्ण फोर्जिंगस लिमिटेड, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, मिकोन लिमिटेड, सी. एम. पी. डी. आई. आर. एस. बी. ट्रांसमिशन इंडिया लिमिटेड, फ्लीट गार्ड फिल्टर्स लिमिटेड के अतिरिक्त ज़ेड- एफ कमर्शियल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल रहीं। तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, स्काईप्रो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियां शामिल हुईं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने बॉप्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतने बड़े व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण सह रोजगार मेले का आयोजन किया गया जो कॉलेज और इस राज्य के लिए बहुत गर्व की बात है। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद मोअज़्ज़म नज़री जिनके देखरेख में इन दो दिनों का कार्यक्रम हुआ बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ईस्टर्न रीजन) के असिस्टेंट डायरेक्टर के. चंद्रमौली ने करीम सिटी कॉलेज को धन्यवाद दिया।

## ईचागढ़ सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को झारखंड सरकार की स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसका विधायक सविता महतो ने उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों से संबंधित कुल 12 काउंटर लगाया गया। जिसमें क्षय रोग, फाइलेरिया ,चर्म व कुष्ठ, जांच लैब , आंख जांच , महिला एवं शिशु संबंधित रोग का स्टॉल लगाया गया। मेला में होम्योपैथी व आयुर्वेदिक चिकित्सा व मुफ्त दवा का वितरण किया गया। विधायक ने रोगियों को एयर वर्ण कीट दवा, शेल्फ केयर कीट दिया गया, वहीं दो क्षय रोगीयों को बीडीओ किकु महतो द्वारा गोद लिए जाने से विधायक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ किकु महतो द्वारा डेंगू, मलेरिया व मौसम जनित रोगों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार मांझी, डॉ अनुपम घोषाल,डॉ शेखर,डॉ सोनिया, प्रोग्राम मैनेजर रोशन झां, विष्णु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बांगुड़दा प्लस टू उच्च विद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शुक्रवार को आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय बांगुड़दा के प्रांगण में हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. शालीग्राम मिश्रा, पटमदा प्लस टू एसएस उच्च विद्यालय की हिन्दी शिक्षिका मिताली बासु एवं भूगोल के शिक्षक कौशलेंद्र कुमार ने अपना वक्तव्य रखा। मिताली बासु ने कविता पाठ कर छात्रों को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर शिक्षक रूपेश कुमार, जयंत रजक, राजू सिंह, वकील राम, रविन्द्र कुमार, विजय कुमार, कृष्ण कुमार, अभिनव कुमार, किंशुक गोस्वामी, श्रीराम मंडल, ज्योत्सना माझी, तिलोत्तमा कुमारी व रथुनाथ महतो उपस्थित थे। मंच का संचालन प्राणकृष्ण कुंभकार और धन्यवाद ज्ञापन रथुनाथ महतो ने किया। इससे पूर्व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## भारतीय विद्युत मंत्रालय व एनटीपीसी के अधिकारियों ने उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय एवं एनटीपीसी पावर लिमिटेड के आला अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण दौरे पर शुक्रवार को एनटीपीसी के टंडवा परियोजन क्षेत्र पहुंचे। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल के साथ एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त सचिव (थर्मल) पीयूष सिंह परियोजना क्षेत्र के महत्वपूर्ण दौरे में शामिल थे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य परियोजना क्षेत्र की प्रगति का आकलन करना और देश के ऊर्जा, बुनियादी ढांचे को और बढ़ाने के अवसरों का पता लगाना था। नॉर्थ करनपुरा, एनटीपीसी छत्रछाया के तहत प्रमुख परियोजनाओं में से एक बिजली उत्पादन के लिए अपने अभिनव दृष्टि कोण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति, प्रतिबद्धता के लिए ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह परियोजना करणपुरा के



सुरम्य परिदृश्य में स्थित है, और देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यात्रा के दौरान, एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजना) उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य और एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने सम्मानित अतिथियों को परियोजना के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने उच्चतम पर्यावरण मानकों का पालन करते हुए कुशल बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जा रही उन्नत प्रौद्योगिकियों पर प्रकाश डाला। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए देश के ऊर्जा लक्ष्यों को साकार करने में ऐसी परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया, साथ ह उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए एनटीपीसी लिमिटेड की सराहना भी की। यह दौरा एक सकारात्मक नोट पर संपन्न हुआ, जिसमें सभी अधिकारियों ने एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा के भविष्य और भारत के बिजली उत्पादन परिदृश्य पर पर्याप्त प्रभाव डालने की इसकी क्षमता के बारे में भी बताया।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ भाजपा मंडल के अध्यक्ष लछ्मन कुशवाहा के नेतृत्व में शुक्रवार को बालूमाथ प्रखण्ड के बालू गांव में आजादी महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा की मिट्टी संग्रह करके भारत के स्वतंत्रता एकता, अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए वाटिका का निर्माण होगा। इसके अलावा गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उसके किनारे पर देश के शहीदों का स्मारक बनाया जाएगा। इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा जहां देश भर की पंचायत से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजधानी यादव, जिला मंत्री ध्रुव पांडे, अमित कुमार, प्रसाद साहू, अशोक प्रसाद साहू, बलराम प्रसाद साहू, नागेंद्र प्रसाद साहू, आदित्य प्रसाद साहू, राजेश ठाकुर, नरेश यादव, सूरज कुमार साहू, विजय सिंह बैजनाथ सिंह सरवन कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 17 सितम्बर को बारियातू में स्वास्थ्य मेला होगा आयोजन

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीयातु मुख्यालय स्थित बजार टांड़ में लातेहार उपायुक्त हेमांशु मोहन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितम्बर दिन रविवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया जाना है बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डाक्टर प्रकाश बडाइक ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों मच्छर से होने वाली अनेक बिमारियों से ग्रामीण परेशान है। जिसे देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर प्रखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने प्रखण्ड वासीयों से स्वास्थ्य मेला मे पहुँच कर स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य शिविर में जांच कराने का अपील किया है। वही एमपीडब्यू संदीप कुमार ने प्रखण्ड वासीयों से अपील किया है कि आप सभी अपने अपने घरों के आस पास पानी का जमाव नहीं होने दें जमा हुआ पानी में मच्छर पनपते है। मच्छर से फैलने वाली बिमारियों से बचने का एक मात्र उपाय है सफाई। सफाई है तो स्वास्थ्य स्वस्थ है।

## एआईबीबीईए महानिदेशक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष रखी संघ की समस्या




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया ब्लड बैंक ईम्पलॉइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लातेहार ब्लड बैंक लैब टेक्नीसियन विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ के 6 प्रतिनिधि मंडल प्रो. डॉ. अतुल गोयल महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष निर्माण भवन नई दिल्ली में मुलाकात कर संघ की विभिन्न मांगों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया।इनकी मुख्य मांग, वेतन पुनरीक्षण,वार्षिक वेतन वृद्धि आदि था जिसपर महानिदेशक के द्वारा उचित पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से महानिदेशक के साथ निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार और संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह (झारखण्ड) महामंत्री डॉ अनिल कुमार सक्सेना (छत्तीसगढ़ ), कोषाध्यक्ष राकेश कुमार (हिमाचल प्रदेश), सचिव मो. जुनेद (उत्तर प्रदेश), सचिव अर्चना वर्मा (चंडीगढ़), संयुक्त सचिव नहीम अल्वी (दिल्ली) मौजूद थे।

## सनकी पति ने पत्नी को जिंदा आग में जलाया, मौत

**संतोष @ प्रभात मंत्र**

**चतरा :** एक सनकी पति का पत्नी पर हैवानियत का मामला प्रकाश मे हैं। जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के पितिज गांव मे पत्नी और घरवालो से हुए विवाद के बाद सनकी पति ने पत्नी के ऊपर केरोशिन छिड़ककर आग लगा दिया। सनकी पति के इस हैवानियत भरे कारनामे में पत्नी सविता देवी की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई जबकि अपनी बहु को आग मे जलता देख बचाने गई सास भी पूरी तरह झुलस गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति कुलदीप दांगी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना जैसे ही गांव के लोगो को मिली तो मौके पर ग्रामीणों ने पहुंचकर आग में झुलसी सास की गम्भीर हालत को देखते हुए चतरा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसकी गम्भीर



हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया है?। वहीं चटना की सूचना के बाद मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले को लेकर विवाहिता के पिता प्रमेश्वर दांगी ने बताया कि उसका दामाद कुलदीप दांगी उसकी बेटी के साथ हमेशा मारपीट कर पड़ताड़ित करते रहता था। जिसको लेकर कई बार गांव मे पंचायत कर समझौता भी करवाया गया था उसके बाद भी उसकी आदतो मे सुधार नही हुआ।

## जलावन के लिए कोयला लाने गई महिला के साथ पुरुष सुरक्षा कर्मी ने किया दुर्व्यवहार, कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से जलावन के लिये कोयला चुनने गई एक महिला के साथ एक पुरुष सुरक्षाकर्मी द्वारा छीना-झपटी व जोर जबरदस्ती करने का एक मामला प्रकाश में आया है। वहीं दो दिनों से सोशल मीडिया में लगातार वीडीयो तेजी से वायरल हो रहा है एवं लोग दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार महिला सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के पचड़ा गांव की रहने वाली है जो बुधवार सुबह को जलावन के लिये कोयला चुनने के दौरान परियोजना क्षेत्र में कार्यरत सिमरिया के सबानो गांव का एक सुरक्षाकर्मी द्वारा उसके साथ काफ़ी अपमानजनक दुर्व्यवहार करने की बातें कही जा रही है। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल



होते हीं लोगों में अब खाशा आक्रोश देखा जा रहा है। कसियाडीह पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने बयान जारी करते हुवे कहा कि महिला के साथ पुलिस सुरक्षाकर्मी का अपनाया गया व्यवहार आक्रोशकारी व शर्मनाक है। प्रबंधन त्वरित संज्ञान लेते हुवे समुचित कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। राजद प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि परियोजना विस्तारीकरण में जंगल उजड़ने से वनोत्पाद पर स्थानीय आश्रितों की जीविका तबाह हो चुकी है। लोगों के लिए रोजी-रोजगार का सृजन प्रबंधन करे तथा त्वरित संज्ञान लेते हुवे आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हो। भुक्तभोगी महिला ने बताया कि काफी अनुनय-विनय करने के बावजूद भी उसके साथ सुरक्षाकर्मी जोर जबरदस्ती करता रहा। इस मामले में जीएम अमरेश सिंह ने कहा कि सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा था। परियोजना क्षेत्र से कोयला ले जाना जुर्म है।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में हुआ चलते फिरते बीमारों का निःशुल्क ईलाज

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डॉ आशीष रंजन, जिप सदस्य संतोषी शेखर,उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, युथ कांग्रेस प्रदेश कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति रही। जहां कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया,साथ ही पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।बाद इसके स्वास्थ्य मेले में लगे सभी स्टॉल का मुआयना किया। मौके पर सीएस और अन्य चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लोगों को दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य मेले में उपस्थित बीमार लोगों को लाभ देते निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा उपलब्ध कराया गया। जहां स्वास्थ्य जांच के दौरान शिशु रोग,नेत्र रोगी,दंत रोग, मलेरिया, कुष्ठ रोग,डायबिटीज वगैरह की जांच की गई। वहीं कुल 639 ओपीडी चिकित्सकों द्वारा किए गए।विशेष तौर पर आयुष स्टॉल लगाए गए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा कई स्वास्थ्य योजनाएं चलाई जा रही है, इसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरी के लिए पंचायत स्तर पर अस्पतालों का निर्माण करते हुए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## पत्रकार ने रक्तदान कर एक गरीब व्यक्ति की बचाई जान, रक्तदान महादान है : अजय सिन्हा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रक्तदान सबसे बड़ा दान है रक्तदान से नई जिंदगी मिलती है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए लातेहार के वरिय पत्रकार अजय सिन्हा ने रक्तदान कर एक 12 वर्षीय लड़के की जान बचाने का काम किया है। बता दें कि रौशन कुमार उम्र 12 वर्ष को ओ पोजेटिव ब्लड की सख्त आवश्यकता थि जिसके बाद बिना देरी किए हुए श्री सिन्हा ने रक्तदान करते हुए समाज को एक संदेश देने का कार्य किया।आगे उन्होंने ने कहा कि रक्तदान से सबसे पहले तो शरीर स्वस्थ हो जाता है हर किसी को रक्तदान करना चाहिए वही रोगी की भी जिंदगी बच जाती है. उन्होंने आगे कहा कि हर किसी को साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए रक्त की कमी की वजह से किसी की जान भी ना जाए और हर व्यक्ति स्वस्थ रहें उन्होंने कहा कि मेरी दिली इच्छा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रक्तदान कर रोगियों को नई जिंदगी देने का कार्य करे। वही श्री सिन्हा की इस कार्यशैली को लेकर पत्रकार नीरज सिन्हा, संजय प्रजापति, रामकुमार विश्वकर्मा, बिरेन्द्र प्रसाद, राहुल पांडेय, राजेश प्रसाद ने श्री सिन्हा का उत्साह वर्धन किया।

## बालूमाथ सिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ साहू पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को बालूमाथ सिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम एवम बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज का सारा संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इसके खुलने से अब यहां के मरीजों को काफी सहूलियत होगी। अस्पताल के संचालक कौशर अली ने बताया कि इस अस्पताल में 24 घंटा एमबीबीएस चिकित्सा एवं सभी रोगों के अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक भी यहां जाकर इलाज करेंगे। इस मौके पर जावेद अख्तर, मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद अजहर, मोतिउर रहमान उपेंद्र यादव, लाडले खान, कृष्ण यादव, शैलेश सिंह, गंगेश्वर यादव, डॉक्टर डीके सिंह, मोहम्मद गौस, मोहम्मद नौशाद मोहम्मद नवाब, विजय सिंह, फ्लोरेंसिया सुरिन, अर्जुन साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उपविकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। साथ ही दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया।जिला अंतर्गत 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।जिला परिषद अध्यक्ष ने बताया कि स्वच्छता हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझें। ये सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में काफी महत्व है। इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। हमें अपने आप को और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सूथरा रखना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा जिले के प्रत्येक विद्यालय में मनाई जाएगी और प्रत्येक दिन बच्चों को स्वच्छता संबधी जानकारी और स्वच्छता के फायदे बताए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, कनिया अभियांता पेयजल, सभी प्रमुख, उपप्रमुख, पेयजल विभाग कर्मी, प्रखंड समन्वयक SBM एवम अन्य जन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## लातेहार में हेरीटेज टोयोटा शोरूम का हुआ उद्घाटन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित करकट में हेरीटेज टोयोटा शोरूम का शुभारंभ किया गया। साथ ही टोयोटा की नई गाड़ी ग्लांजा लांच की गई। उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा ने फिता काटकर किया। एवं श्री सिन्हा ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है,लातेहार वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। जिसके लिए डाल्टनगंज, रांची जैसे शहरों में जाना पड़ता था। वह सुविधा लातेहार में ही मिलेगी। इसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। वहीं कंपनी के रांची से आए ग्रुप मार्केटिंग हेड रमीशेक चौधरी, समुह मानव संसाधन प्रमुख प्रियंका पाठक, सुविधा प्रमुख लातेहार कृष्ण विश्वकर्मा द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर बली पाठक, जितेन्द्र चंद्रवंशी, रितेश सिन्हा, राजु कुमार, जिले के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का हुआ आयोजन कुल 225 लोगों ने उठाया लाभ



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रखंड प्रमुख अनीता यादव गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी डॉ अनुप्रिया अंजली कुमारी सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने लोगों से इस मेला का लाभ उठाने का अपील किया। एवं उपस्थित कर्मियों को अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचार प्रसार कर लाभ उठाने की बात कही।वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मेले में फिजिशियन डॉक्टर, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया, एचआईवी, बीपी कॉविड तथा परिवार नियोजन के अतिरिक्त करीब दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें लगभग 225 से अधिक लोगों ने विभिन्न जांच करवाएं। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी एवं ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की मौत गांव में पसरा मातम

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत चिरैया मोड़ में बीते गुरुवार की रात एक मोटरसाइकिल सवार युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसका घटना स्थल पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान लुब्धिया गांव के नरेश यादव का 22 वर्षीय पुत्र रूपलाल यादव के रूप में हुई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक रात्रि में मोटरसाइकिल से अपनी बहन के यहां रेबर बलिया जा रहा था। इसी बीच यह घटना हुई। घटना के बाद युवक रोड किनारे गड़े पाइप को पकड़ लिया। और पूरे रात पकड़े रहा। सुबह इसकी खबर मिलते ही आस पास के लोग पहुंचे। खबर पाकर थाना प्रभारी कन्हैया यादव अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया

## बीडीओ ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार हॉल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। बीडीओ खगेश कुमार ने स्वास्थ्य मेला का फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रखंड स्तरीय मेले में भिन्न भिन्न बीमारियों के 20 स्टॉल लगायें गए थे।वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुमार संजीव ने बताया की स्वास्थ्य मेला में अधिक संख्या में लोग पहुँचे हुवे है और मरीज उपचार भी करवा रहें हैं। वही स्वास्थ्य मेला में पंजीकरण काउंटर, मातृ और बाल स्वास्थ्य, आयुष OPD काउंटर, दवा वितरण काउंटर, नेत्र रोग काउंटर, मोतियाबिंद की जाँच, NCD काउंटर सुगर चेक, बीपी चेक, कोविड टीकाकरण, परिवार नियोजन, कुष्ट रोग रोकथाम, टीबी रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना समेत 20 स्टॉल लगाये गये थे। वही आयुष्मान



कार्ड बनाने के लिए एक अलग से स्टॉल लगायें गए थे। जिसमें कई लाभुकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। वही विभिन्न स्टॉल पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने कई मरीजों को दवाइयां दी।वही प्रभारी ने यह भी बताया की स्वास्थ्य मेले से अनेक गरीब परिवारों और ग्रामीणों को लाभ हुआ। इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा सरकार इसे लेकर गंभीर है। इस स्वास्थ्य मेले में काफी संख्या में मरीज शामिल हुए। लेकिन बड़ी ताज्जुब की बात है की एक चिकित्सक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के भरोसे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।अब इसे स्वास्थ्य विभाग का कॉलम पूरा करना न कहे तो क्या कहें। आखिर ये कैसी स्वास्थ्य मेला मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, बौधाडीह मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी विनोद साव, स्वास्थ्य विभाग से पवन कुमार, महबूब आलम, जयंत कुमार, रिंकी कुमारी, सुनीता टोप्पो, रेखा कुमारी, विनेश साव, श्याम प्रकाश समेत कई एएनएम, सीएचओ, व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक टाउन हॉल टंडवा में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड युवा कमेटी टंडवा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज और संचालन प्रखंड महासचिव गोविंद पांडा ने किया। प्रखंड महासचिव गोविन्द पंडा ने कहा कि टंडवा जैसे औद्योगिक नगरी में स्वास्थ्य बिजली पानी रोज़गार आदि जैसे समस्याओं का अंबार होना काफ़ी दुर्भाग्य है टंडवा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र शिशु रोग विशेषज्ञ अति आवश्यक है। युवा चतरा जिला अध्यक्ष मोती लाल पासवान ने कहा केन्द्र सरकार ने जो युवा महिलाओं और भारत के किसान भाइयों को झुठ बोलकर सत्ता हासिल थी अब भारत के सम्मानित लोग जागरूक हो गये आगामी लोकसभा चुनाव में जवाब देने को एन टी पीसी, मगध, आम्रपाली झारखंड सरकार द्वारा 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार को रोज़गार दें।



कमेटी में निर्णय लिया गया की बुथ कमेटी को मजबूत किया जाए और इसके लिए हर पंचायत के बुथ तक के लोगों से डोर टू डोर सम्पर्क किया जाए एवं टंडवा प्रखंड में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य बिजली पानी रोज़गार आदि को लेकर सभी संबंधित विभाग से संपर्क किया जाएगा। साथ ही समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पार्टी बाध्य होकर आन्दोलन करेगी। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रवी सिंह युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोती लाल पासवान जिला उपाध्यक्ष सह मिश्रोल पंचायत मुखिया सुवेश राम प्रखंड महासचिव गोविन्द पंडा प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष अरून यादव सचिव सुरेंद्र टाना भगत मनोज हलुवाई कामेश्वर यादव सुनील पासवान रजनिश कुमार इंद्रजीत पासवान प्रमोद पासवान आदि उपस्थित थे।

# जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला योजना पदाधिकारी समीर कुछू ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सुनिश्चित करने, अमृत सरोवरों, खेल मैदानों आदि की जिओटैगिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में माननीय सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं बैठक के दौरान माननीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मतकमा चौक से चुट्टूपालू, नया मोड़ से गिद्दी एवं अरगड्डा गिद्दी क्षेत्र में दामोदर नदी पुल पर सड़क निर्माण पर चर्चा किया।बैठक के दौरान सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से माननीय सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित कोचिंग परियोजना, रेल परियोजना आदि की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल तोपा परियोजना में सुरक्षा विभाग ने डोजरिंग अभियान चलाकर अतिक्रमित भूमि को कराया मुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** सीसीएल तोपा परियोजना में इन दिनों सीसीएल की अधिग्रहित भूमि पर कब्जा करने का सिलसिला जारी है।तोपा परियोजना कार्यालय से लेकर पुराना कॉलोनी ट्रेकर स्टैंड तक खाली पड़े स्थानों पर प्रतिदिन लोगों द्वारा ईंट गिराकर,बांस बल्ली से घेरकर,चार कोनों में खुंटा गाड़कर व रस्सी का घेरा बनाकर, गुमटी रखकर कंपनी के जमीन पर कब्जा करने का काम किया जा रहा है। गुरुवार की रात परियोजना के सुरक्षा प्रभारी राम प्रसाद बेदिया ने क्षेत्रीय व परियोजना के सुरक्षा गश्ती दल को लेकर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने के लिए डोजरिंग अभियान चलाया।इस अभियान के तहत सुरक्षा कर्मियों ने डीएवी तोपा चेकपोस्ट के निकट बांस बल्ली से तैयार किए गए मुर्गा दुकान तथा भारतीय स्टेट बैंक तोपा शाखा के सामने एंगल से बनाए जा रहे दुकान को पेलोडर की मदद से ध्वस्त कराया।

**अभियान में थे शामिल**

इस अभियान में परियोजना के सुरक्षा प्रभारी राम प्रसाद बेदिया,क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के रात्रि गश्ती दल के बिगल करमाली, संतोष कुमार, अजय कुमार, परियोजना के रात्रि सुरक्षा गश्ती दल के सोमरा मांझी,अजीम अंसारी, टुनटुन राम, संजय रजक,मिथून कुमार आदि शामिल थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में हुआ परिचय सह स्वागत समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में नए सत्र 2023-27 के लिए नामांकित विद्यार्थियों का आज परिचय का स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने किया और संचालन इतिहास की प्राध्यापिका डॉ रेखा उरांव ने किया। प्रचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं शुरू की गईं। परिचयात्मक कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर रेखा प्रसाद ने स्टूडेंट्स का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज में स्व अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पढ़ाई करते रहना है। उन्होंने नव नामांकित सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ रोज उरांव सभी विभाग के प्राध्यापकों का परिचय कराया ताकि विद्यार्थी अपने-अपने विभाग के शिक्षकों से अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के लिए आपको ईमानदारी से मेहनत करनी होगी। पढ़ाई के अलावा कल्चरल एक्टिविटी, स्पोर्ट्स एक्टिविटी और एनएसएस के कार्यक्रमों में भाग लेकर आप अपने व्यक्तित्व का विकास कर पाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक अकेला ने गरजमों में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव गरजामो में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने 100केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विधायक अकेला को ग्रामीणों ने फूल माला के साथ स्वागत किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से यहां के ग्रामीण अब अंधकार में नहीं रहेंगे। मौके पर बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ,उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जीप प्रतिनिधि कयूम अंसारी, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अली, मनीरूद्दीन ,कारू भगत, बद्री सिं,ह नकुल करण देव सिंह, आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### पतरातू में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**पतरातू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीआरसीओ डॉ शशि भूषण खालको पंसस ज्योति गुप्ता एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार प्रसाद के द्वारा किया गया। इस कैंप में कुल 437 मरीज को रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें आंख संबंधीत 23 मरीजों को देखी गई। परिवार कल्याण हेतु 82 में , होम्योपैथिक के लिए 254 मरीज देखे गए। और आयुर्वेद चिकित्सा के लिए107 मरीज, लेप्रोसी के लिए 32 एवं एमसीडी स्क्रीनिंग शुगर जांच इत्यादि के लिए 63 मरीजों की जांच की गई। मौके पर डॉ ऋतुराज सिंह डॉ नितिन तुलस्यान डॉक्टर प्रीति कुमारी डॉ राजीव रंजन एवं सीएचओ रेखा कुमारी नीलिमा कुमारी रीना कुमारी स्नेहा कुमारी और बीपीएम मनीष कुमार एस आई रवि राय रामदयाल मिस्त्री बीटीटी केशव महतो बीडीएम प्रवीण कुमार संजय दांगी सुधा कुमारी रिंकी देवी पायल शर्मा निहारिका कुमारी कविता कुमारी चिंता कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### कृषि को बेहतर तरीके से किये जाने को लेकर किसान मित्र एवं किसानों ने की बैठक

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत सचिवालय में किसान मित्र एवं किसानो के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया उत्तम कुमार महतो ने किया।बैठक में मुखिया ने किसानों को सरकार के द्वारा मिल रही सुविधाओं के बारे में बताते हुए कहा कि,झारखंड सरकार अनुदानित दर पर पंप सेट, थ्रेसर, मिनी ट्रेक्टर, दवा छिड़काव की मशीन ले सकते है।आप सभी किसान भाई अपनी जरूरत की कृषि कार्य हेतु मशीनों के लिए जल्द से जल्द आवेदन करें।साथ ही ड्राप एरिगेशन पर ध्यान देने को कहा,आने वाले समय मे बारिश की कमी को देखते हुए ड्राप एरिगेशन की आवश्यकता पड़ेगी इसके लिए किसान भाइयों को अभी से परिस्थितियों से निपटने के लिए कमर कस लेनी चाहिए । इस मौके पर मुख्य रूप से रीता कुमारी कृषक मित्र, फूलचंद महतो कृषक मित्र, मनु महतो, तालेश्वर महतो, तिलकधारी महतो, सोमरी देवी, लिलिया देवी, श्यामदेव महतो,धनपत महतो, लाखेश्वर महतो, आदि थे ।

## श्री राणी सती मंदिर समिति ने युवा पत्रकार को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में तीन दिवसीय भादो महोत्सव बड़ा ही धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन भव्य मंगल पाठ के दौरान श्री राणी सती मंदिर समिति के द्वारा राणी सती दादी के समक्ष युवा पत्रकार सह समाजसेवी रितेश खण्डेलवाल को श्री राणी सती दादी की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक सहित कई दादी भक्त मौजूद रहे। सम्मानित के दौरान सभी ने रितेश खंडेलवाल की प्रशंसा कर इस पाल को यादगार बनाया।मंदिर समिति के सदस्यों ने कहा की रितेश खंडेलवाल के द्वारा मंदिर की गतिविधि को हर दादी भक्ति तथा हजारीबाग के समस्त नागरिक तक पहुंचने में अहम योगदान रहता है। इसलिए मंदिर समिति आपको राणी सती दादी की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करती है।

# नशे में धूत शिक्षक विद्यालय में पहुंचकर मचाया हो हंगामा, ग्राशिस अध्यक्ष ने थाना को सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत तोपा पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय,तोपा में प्रतिनियोजित सहायक शिक्षक राजेश कुमार की कारगुजारी से विद्यालय के शिक्षक पहले से हीं त्रस्त थे। शुक्रवार को नशे में धूत उक्त शिक्षक ने विद्यालय पहुंच करके विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ जिस तरह की हरकत की। यह हरकत विद्यालय परिसर से बाहर आम लोगों तक पहुंच गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा ग्राम शिक्षा समिति अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी गई। लोगों ने पहुंच कर शिक्षक को समझाने का बहुत प्रयास किया। जब बात नहीं बनी तो ग्राशिस अध्यक्ष व अन्य लोगों ने शिक्षक को ले जाकर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की लिखित सूचना ग्राशिस अध्यक्ष द्वारा कुजू पुलिस को देते हुए ऐसे शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा स्कूल के माहौल को बिगड़ने से बचाने का अनुरोध किया गया है।

**क्या कहते हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक**

मामले के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन ठाकुर ने बताया कि अनुकंपा के आधार पर राजेश कुमार को नौकरी मिली है। 7 दिसंबर 2018 को राजकीय मध्य विद्यालय तोपा में इन्होंने योगदान दिया।

# विधायक ने रबोध में दो योजना का शिलान्यास किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रबोध उन्नयन कार्य व चाहरदिवारी का निर्माण और रबोध उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने शिलापट्ट व नारियल फोड कर कार्य का शुभारंभ किया गया।विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि रबोध में आज दो योजना का कार्य होगा, जो रबोध के लिए ऐतिहासिक दिन है।विद्यालय का उन्नयन कार्य व चाहरदिवारी का निर्माण डी.एम.एफ.टी.मद से होगा और उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पीएम.अभीम मद से कार्य किया जाएगा।जो बहुत ही खुबसूरत होगा।जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि आज मेरे पंचायत में दो योजना का कार्य होगा, हमें बहुत ही खुशी महसूस हो रहा है।अब रबोध में स्वास्थ्य विभाग में काफी अच्छा से मरीजों का इलाज किया जाएगा और विद्यालय में सभी प्रकार का समाग्री का व्यवस्था होगा।इस ऐतिहासिक मौके पर भाजपा डाड़ी मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो,आदि थे ।

# हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल से सहज सुलभ हुई है स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान जिला खनिज मद से उपलब्ध करवाई जा रहीं सुविधाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग15 सौ करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं की सौगात हज़ारीबाग को दी थी। हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज सक्रिय है और 500 बेड वाले अस्पताल का तेजी से निर्माण किया जा रहा है।सांसद जयंत सिन्हा लगातार यहां विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी समीक्षा कर रहे हैं और मरीज़ों की सुविधा के लिए हर जरुरी साधन उपलब्ध करवा रहे हैं। यहां जिला खनिज मद के तहत सभी आधुनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई जा रही हैं। आपातकालीन परिस्थिति के लिए एंबुलेंस समेत आवश्यक उपकरण मुहैया करवाए गए हैं। यहां डायलिसिस सेंटर में प्रतिदिन 24 लोगों का निशुल्क डायलिसिस हो रहा है। ब्लड बैंक की स्थापना कर 15 लाख की मशीनें लगायी गयी हैं, जिनसे जनता को काफी सुविधा हो रही है।मरीज़ों का बहुत सस्ते दर पर टेस्ट किये जा रहे हैं, जिनसे उन्हे राहत हो रही है।सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि हमें यहां डायलिसिस सेंटर में बेड्स की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया गया है, जिस पर तत्काल कदम उठाएंगे। इस अस्पताल में मरीज़ों को बेहतर इलाज मिल रहा है इसलिए दिन प्रतिदिन मरीज़ों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वारा मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव की मिट्टी कलश में भरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र के धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाड़ीह गांव के शिव मंदिर प्रांगण में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में और भाजपा के कार्यकर्ताओं के एव बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत हाथ में कलश को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ गांव-गांव जाकर मिट्टी को इकठ्ठा कर रहे हैं।दरअसल इस बार आजादी के अमृत महोत्सव एक अलग आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश सबसे पहले इस कार्यक्रम में गांव-गांव में तरीके से मनाया जा रहा है।इस बार एक और कार्यक्रम शुरू किया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश सबसे पहले कार्यक्रम में गांव-गांव शीला पटिका को लगा करके देश के लिए शहीद हुए लोगों के बारे में जानकारी दी गई थी वहीं अब कलश यात्रा निकाली जा रही है।

## आजीविका महिला संकुल संगठन, स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शुक्रवार को वार्षिक आम सभा विजैया पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित थे। इसके अलावा जिला परिषद भाग-2 सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सखी मंडल से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार, महिला मोर्चा सह 20 सूत्री सदस्य मीना देवी, पूर्व मुखिया कोल्हुआकला पंचायत रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव शामिल थे। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सखी मंडल की दीदी को प्रेरित करते हुए कहा की सखी मंडल दीदी को अपनी आजीविका बढ़ाना चाहिए। शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए एवं उच्च मंजिल तक पहुंच कर देश और समाज का नाम रोशन करना चाहिए।

# बरही हाउस में खिलाड़ियों को फुटबॉल किट देकर किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हाउस में टीम को तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू के निर्देश पर पंसस बसरिया (चौपारण)के काजल कुमारी हाथों बाबा चुहड़ मल स्पोर्ट्स बसरिया फुटबॉल टीम को फुटबॉल किट देकर सम्मानित किया गया। मौके काजल कुमारी ने कहा कि टीएसएस के अध्यक्ष अरुण साहू निर्देश पर खेलाड़ियों की उत्साह और प्रेरणा को बढ़ाने के लिए यह प्रयास निरंतर किया जा रहा है। ताकि आज युवा खेल के माध्यम से बेहतर समाज की उत्थान में भागीदारी सुनिश्चित हो और बेहतर खेल से रोजगार दिशा में जा सके।

# धनबाद बम विस्फोट की आरोपित महिला रामगढ़ से गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए बम विस्फोट कांड की मुख्य आरोपित गुड़िया देवी रामगढ़ से गिरफ्तार कर ली गई है. धनबाद पुलिस और रामगढ़ पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बिजोलिया तालाब रोड से गुड़िया देवी को गिरफ्तार किया।जानकारी अनुसार आठ जनवरी को धनबाद बाजार में एक बाइक में डेटोनेटर लगाकर धमाका किया गया था, जिसमें 6 लोग घायल हो गए थे. वारदात में विस्फोट करने वाला पिंटू वर्णवाल भी घायल हो गया था. पिंटू वर्णवाल ने इस साजिश में पत्नी गुड़िया देवी को भी पहले से शामिल कर रखा था।



**पिंटू वर्णवाल के घर से मिला था विस्फोटकों का जखीरा**

नक्सल प्रभावित तोपचांची थाना क्षेत्र में बम धमाके की छानबीन के दौरान पुलिस जब पिंटू वर्णवाल के घर पहुंची तो वहां विस्फोटकों का जखीरा मिला था. घर से भारी मात्रा में विस्फोटक (जिलेटीन) बरामद किया गया. दो बोरों में 264 पीस जिलेटिन भरकर रखा गया था.धनबाद पुलिस द्वारा पिंटू बर्नवाल से पूछताछ में बताया कि गुड़िया देवी रामगढ़ में छुपी हुई थी । रामगढ़ पुलिस के सहयोग से गुड़िया देवी को बिजोलिया स्थित मकान से गिरफ्तार किया गया है।

## बरलंगा पुलिस ने अवैध बालू लदे दो टर्बो वाहन को किया जब्त, दो को भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** जिले में अवैध ढंग से बालू की हो रही ढुलाई को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त है। इसी मामले को लेकर बरलंगा थाना पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए गुरुवार की रात सिल्ली मोड़ के पास अवैध बालू लदे दो टर्बो वाहन को थाना प्रभारी के द्वारा पकड़कर उसे थाना ले आया गया। इस मामले में कारवाई करते हुए कांड संख्या 21/23 दर्ज कर बोरोबिंग निवासी शक्ति कुमार पिता रोहित महतो तथा छोटकी पोना निवासी देव कुमार महतो को जेल भेज दिया गया।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने केंद्रीय कारा में किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने केंद्रीय कारा में संचालित कैंटीन का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में खाद्यान्न भंडारण कक्ष,भोजनालय की साफ सफ़ाई एवं व्यतिगत स्वच्छता को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोग किए जानें वाले तेल,आटा, हल्दी पाउडर की गुणवत्ता की जांच हेतु नमूना खाद्य प्रयोगशाला के लिए संग्रह किया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सजायाफ्ता बंदियों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए नियमित रुप से पीने के पानी की जांच पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, हजारीबाग से कराने का प्रस्ताव दिया। इस निरीक्षण क्रम के दौरान जेलर मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा आज सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरक्षण किया गया। प्लांट के निरक्षण के क्रम में प्रशासक द्वारा संवेदक को प्लांट केम्पस में पेड़-पौधे लगाने का निर्देश दिया गया, साथ ही मैक्सिकन ग्रास को विस्तृत क्षेत्र में लगाने का निर्देश दिया गया। इस प्लांट में सभी कार्य को आगामी 25 सितंबर से पूर्व पूर्ण करने का निदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त प्रशासक ने वार्ड संख्या 5 में स्थित विकास नगर में बन रहे पी.सी.सी. पथ तथा वार्ड संख्या 27 स्थित खजांची तालाब के कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।निरक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, सभी कनीय अभियंता तथा प्रधान सहायक उपस्थित थे।

# धनवार पंचायत में योजना निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जिप अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ किया बैठक, मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में विभिन्न गांव में योजना निर्माण को लेकर शिव मंदिर प्रांगण कोरियाडीह में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव उपस्थित रहे। बैठक में जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किशन यादव का मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा एवं ग्रामीणों ने माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। बैठक में धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह, धनवार, बड़दाग, सिंहपुर खुर्द एवं लटिया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर अपनी समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के किसानों को खेती करने एंव श्मशाम घाट होने के कारण पथ बहुत ही जनपयोगी है। उक्त मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामाणों को काफी दिक्कत का सामना करना पडता है। साथ ही श्मशान घाट के निकट 20 वर्ष पूर्व बने चैक डैम से लगभग 200 एकड जमीन में खेती हेतु सिंचाई का कार्य किया जाता था। बीते तीन वर्ष पूर्व उक्त बाँध टुट जाने से डैम का पानी सुख गया एंव तीन वर्षो से सिंचाई बन्द है जिससे कृषि कार्य काफी प्रभावित हो रहा है।



धनवार पंचायत के ग्रामीण जनता के द्वारा तीन योजना निर्माण किए जाने की माँग किया गया जिनमे ग्राम कोरियाडीह आरईओ रोड से श्मशान घाट तक पथ निर्माण। ग्राम कोरियाडीह के श्मशान घाट के निकट चैक डैम का जिर्णोद्धार एंव सिढी का निर्माण, ग्राम लठिया मे सामुदायिक भवन का निर्माण को लेकर जिप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपा गया। इन तीनों मांगो को लेकर जिप उपाध्यक्ष अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस डीएमएफटी योजना में ले लिया गया है जिसे 6 महीने के अंदर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि जिले में होने वाले विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

झारखण्ड

रांची, शनिवार, 16 सितंबर 2023 | पेज 9

## एचटेक ने भारत में ऑनर90 5जी पेश किया; आरामदायक व्यूइंग और रचनात्मक स्वतंत्रता के नए मानक स्थापित किए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विस्तृत समाधान प्रदाता, एचटेक ने आज भारत में ऑनर90 5जी का लॉन्च किए जाने की घोषणा की। इसमें एआई वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हर्ट्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग का अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में आज की हमेशा सक्रिय रहने वाली जनरेशन को व्यक्तिगत अनुभव देने के लिये अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों एक ही डिवाइस में दिये गये हैं। इस लॉन्च के बारे में एचटेक के सीईओ, माधव शेठ ने कहा, एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर परिवेश के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। उपभोक्ताओं को अग्रणी टेक्नोलॉजी प्रदान करने पर केंद्रित रहते हुए ऑनर लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं। ऑनर के मजबूत नेटवर्क और वैल्यू चेन का उपयोग करके हम ऑनर 90 5जी के साथ भारत में अपना पहला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहे हैं।



## महिलाओं के सशक्तीकरण से ही लगेगा बाल विवाह पर रोक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) ने 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं को लामबंद कर इस मुहिम से जोड़ने के लिए झारखंड पंचायती राज विभाग के साथ मिल कर रांची में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में झारखंड सरकार के विभिन्न महकमों और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ 2030 तक देश से बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा पिछले साल 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के एलान के बाद बीबीए देश के सभी राज्यों में इस तरह के सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है जिसके तहत झारखंड में भी यह आयोजन हुआ।इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव एक्का, महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग तथा सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा और ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी सचिव चंद्र शेखर भी मौजूद थे।'बचपन बचाओ आंदोलन' के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, फ़पिछले साल नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा किए गए आह्वान के बाद पूरे देश में इसकी अप्रत्याशित और आश्चर्यचकित कर देने वाली प्रतिक्रिया देखने को मिली है।




## पंचायत अरगड्डा भवन में नप के 200 कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत भवन अरगड्डा के प्रांगण में शुक्रवार को नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शिविर लगाकर 200 सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप में प्रतिनियुक्ति चिकित्सक डॉक्टर मानस चंद्र, डॉक्टर चंदन कुमार ने सफाई मित्रों की जांच कर उचित परामर्श दिया। कैंप में एएनएम टुसुमनी कुमारी, सुनीता कुमारी, जमादार अलिफ आलम समेत कई नर्स, सफाई मित्र आदि उपस्थित थे।



## जेहलीटांड पुल से गाय की गिर कर मौत, जर्जर रेलिंग बना मौत कारण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेहलीटांड स्थित सोनाडुब्बी नदी पर बने पुल से शुक्रवार की सुबह एक गाय की गिरने से मौत हो गयी. जानकारी देते हुए आस पास के ग्रामीणो ने बताया कि प्रतिदिन की तरह कुछ गाय पुल पर बैठी हुई थी.इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे दो गाय आपस में लड़ रही थी. जिस क्रम में एक गाय पुल के रेलिंग को तोड़ते नीचे गिर गई. जिससे उसकी मौत हो गयी. वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से गाय को दफना दिया गया.इधर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जेहलीटांड़ पुल में बनाया गया रेलिंग काफी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है.जर्जर रेलिंग लगातार टुट-टुट कर गिर रहा है. ग्रामीणों का कहना है इस पुल से चार पहिया, दो पहिया और पैदल राहगीर आवागमन करते है. किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर जर्जर हो चुकि रेलिंग सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है.वहीं दुर्घटना का कारण बन रहे इस रेलिंग को पंचायत जन प्रतिनिधियों के आलावा प्रशासनिक अधिकारियों से पुनः रेलिंग निर्माण कराने की मांग की ।



## विधायक ने किया मृतक परिवार को सहयोग

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ओरमांझी के पंचायत बरवे आदिवासी टोला के मृतक भादे उरांव का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। और चापावार भेलवा टोली के मृतक पंचू उरांव दोनों मृतक परिवार को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से रमेश उरांव विधायक सलाहकार एवं तुलसी खरवार प्रखंड अध्यक्ष, सफीउल्लाह अंसारी खाद आपूर्ति विभाग, हरिमोहन महतो के द्वारा मृतक परिवार को 52 -52 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया गया। मौके पर रमेश उरांव सलाहकार विधायक खिजरी, रांची तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी, सफीउल्लाह अंसारी, हरिमोहन महतो, सुखराम उरांव, मुकेश उरांव, दिलीप मुंडा एवं मृतक परिवार उपस्थित थे।



## नेशनल हाइवे - 33 के रड़गांव के पास एक्सीडेंट

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग एनएच 33 रड़गांव के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार युवक बुरी तरह घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान कोकाडीह के चाकुड़िया निवासी विषम मुंडा और फुलचंद स्वांसी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनो युवक रंगामाटी से तमाड़ की तरफ अपने स्पेलेंडर बाइक से आ रहे थे। वही पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को धक्का मार दिया। जिससे दोनो बीच सड़क पर जा गिरे। जहां दोनो बुरी तरह से घायल हो गए। घटना की सुचना पर तमाड़ पुलिस घटनास्थल पहुंचा। ओर तमाड़ पुलिस ने घायल युवकों को तमाड़ अस्पताल ले आया।जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया।

## कर्रा में स्कूली बच्चों के बीच प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड कार्यक्रम का आयोजन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरसी बालक मध्य विद्यालय कर्रा के मैदान में शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिक्षा विभाग का पढ़ाई के साथ साथ एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम खेल भी है इसी के तहत आज प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालय से उच्च विद्यालय के सभी छात्र- छात्रों ने खेल में भाग लिया. जिसमें मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के विद्यालयवार सभी खेलों में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं का प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड-2023 में शामिल हुए और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. खेलों झारखंड के तहत सभी बालक बालिकाओं के लिए 100, 200, 400, 600, 800, 1500, 3000 मीटर दौड़ के अतिरिक्त बॉलीबॉल, खो - खो, कब्बड्डी, ऊची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, रिले दौड़ आदि खेलों का आर सी बालक मध्य विद्यालय कर्रा में आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कर्रा प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्ष मकसूद अंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया.इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत हीं अच्छा मौका है जहां छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला है, स्वस्थ शरीर में हीं स्वस्थ्य मन का विकास होता है जिसे पड़ाई में भी मन लगता है, आज खेल में बहुत ही अवसर है आगे बढ़ने का, खेल को खेल की भावना से खेला जाय. बीईइओ गंगा प्रसाद सिन्हा ने भी छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए खेल के महत्व की जानकारी दिया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान माननीय सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र श्री जयंत सिन्हा, विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, अन्य विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी।बैठक के दौरान माननीय सांसद, माननीय विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान माननीय सांसद द्वारा अभियान मोड में जिले के सभी क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइट लगाने हेतु जनप्रतिनिधियों को अनुशंसा भेजने हेतु प्रेरित किया गया वही डीएमएफटी के तहत जिले के सभी पंचायतों में योजनाब्द्ध तरीके से सामुदायिक भवन निर्मित करने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।न्यास परिषद की बैठक के दौरान डीएमएफटी के माध्यम से जिले में साइंस पार्क स्थापित करने को लेकर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संवेदक के द्वारा साइंस पार्क की विशेषताओं, इससे होने वाले फायदे आदि की जानकारी दी गई। वहीं टूरिज्म फेलो द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत रिलिजियस एवं एडवेंचरस टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए प्रस्ताव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक के दौरान रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित दामोदर नदी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने, बिजुलिया तालाब के सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीएमएफटी के तहत जिले के सभी परियोजनाओं से संबंधित ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर परियोजना के संचालन पर भी चर्चा की गई।इन सबके अलावा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर सांसद , विधायक, उपायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वहीं बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा।



## गोला प्रखंड कार्यालय सभागार में किसान उत्पादक कंपनी के द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, बीएओ, डीडीएम नवार्ड, जिला परिषद पश्चिमी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जैविक खेती के प्रोत्साहन तथा आय व्यव के संबंध पर चर्चा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कल्याणी महिला संघ के रीमा देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, बिगलाल ठाकुर, सुचिता देवी, रेखा देवी, पिंकी देवी, सुनिता देवी सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

# बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के सभागार में सिंदवार टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली एव जिला विधिक सेवा प्रधिकार रांची के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय सरकारी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती चन्दा रानी ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की बच्चों के विवाह का आवेदन प्रखंड स्तर पर आता है तो उस समय उसकी पूरी गहराई से जांच होनी चाहिये कि कही बाल विवाह तो नही हो रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधि, ग्रामीण सब को मालूम रहता है कि किस गांव में किसके बच्चे की शादी हो रही है। ऐसी स्थिति में पहले से मामला को उठाना चाहिए न कि जिस दिन विवाह हो रहा है, उस दिन। सिंदवार टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के जिला समन्यवक प्रबन्धक अरविंद कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एव ग्रामीणों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करना है ताकि प्रत्येक होने वाले बाल विवाह को रोका जा सके। प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, पंचायत सचिव को बाल प्रतिषेध पदाधिकारी बनाया गया है। जिनकी जिम्मेदारी बाल विवाह को रोकना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह में संलिप्त वर बधू पक्ष के, पण्डित, पुजारी, मौलवी, पादरी, टेंट, हलवाई सभी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 दायरे में आते है। इसके लिए सभी संलिप्त पुरुष को दो वर्ष का कारवास, एक लाख का जुर्माना या दोनों हो सकता है , न्यायालय के ऊपर निर्भर करता है।



# झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में दूसरे दलों को छोड़ सैकड़ो लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के सिंदवारी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता सूरज कुमार वर्मा एवं संचालन बड़कागांव प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह के द्वारा किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान संजीव बेदिया ने सिंदवारी पंचायत के मुखिया करम राम के अलावा भारी संख्या में सैकड़ो लोगों ने दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले को पार्टी का माला एवं पट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार युवाओं के लिए भारी सब्सिडी के साथ कई विकास योजनाएं चल रही हैं, आप इसका लाभ उठाएं और रोजगार से जुड़े। झारखंड को बचाना है तो भाजपा और आजसू को भगाना होगा। अपना एक कीमती वोट पैसों में नहीं बेचे, अगर आप ऐसा करते हैं तो अपने बच्चों का नसीब बेचेंगे।यहां के लोगों को एकजुट रहना होगा तभी कंपनी बात सुनेगी। झामुमो लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन करती है। हमारी पार्टी किसी जात-पात धर्म विशेष की पार्टी नहीं है। आपकी समस्याओं के समाधान डीसी के पास बैठकर के कराऊंगा।वही प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूती को लेकर हम कृत संकल्पित हैं ,दो माह के अंदर प्रखंड के तमाम पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन कर कमेटी गठित कर दी जाएगी। पूरे विधानसभा में कुल 50000 नए कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य है। वही कार्यकर्ता सम्मेलन में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सूरज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष गणेश गंझु, आलोक कुमार, मुकेश भईया, सचिव रुपेश कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव कमलनाथ गंजू, मोहम्मद आलम, कृष्णा प्रजापति, संगठन सचिव मुनेश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार कुशवाहा, को बनाया गया वहीं कार्यकारिणी सदस्य में जानकी राम, अजय कुमार,आदि थे ।



## झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन का एक दिवसीय कार्यकर्ता सेमिनार सह मिलन समारोह का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शुक्रवार को झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन द्वारा सीसीएल हज़ारीबाग क्षेत्र के चरही ऑफिसर क्लब में एक दिवसीय कार्यकर्ता सेमिनार सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मो कुर्बान अंसारी ने किया वही संचालन यूनियन के हजारीबाग क्षेत्र के उपसचिव मो अनवर अंसारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किये। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री सह जेसीएमयू के केंद्रीय महामंत्री फागु बेसरा मौजूद रहे वही विशिष्ट अतिथि यूनियन के जोनल सचिव जयनारायण महतो उपस्थित थे। मंत्री फागु बेसरा ने आयोजन को लेकर कहा कि मजदूरों को जागरूक करने और जोड़ने के उद्देश्य से इस कार्यकर्ता सेमिनार का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में कॉल इंडिया की कई सारी परियोजनाए विस्थापितों को मुआवजा व नॉकरी के मामलों के कारण बंद के कगार पर चला गया है। उन्होंने आगे कहा कि मजदूरों के वेतन संबंधी अधिकार को लेकर सभी मजदूर यूनियनो द्वारा आगामी 5, 6 व 7 अक्टूबर को व्यापक धरना प्रदर्शन करनी की तैयारी है। इस दौरान राजकुमार महतो जोनल उपाध्यक्ष, डालचंद महतो जोनल सहसचिव, अकल उरांव क्षेत्रीय सचिव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू, परमेश्वर सिंह भोगता, ईश्वर महतो, राजकुमार वर्मा,अनवर अहमद क्षेत्रीय उप सचिव, जीएम यूनिट सचिव धीरज कु मांझी, अध्यक्ष सोमरा मुण्डा, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार,आदि थे ।

## पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो पंचतत्व में हुए विलीन, बुजुर्ग पिता ने दी मुखाग्नि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के जोराकाठ ग्राम निवासी गोंदलपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य 32 वर्षीय मोहन महतो की निर्मम हत्या गुरुवार को कर दी गई थी। गुरुवार शाम को पोस्टमार्टम के लिए पार्थिव शरीर को हजारीबाग ले जाया गया था। शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव को हजारीबाग समाहरणालय के बाहर शव रख कर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और बच्चों के परवरिश के लिए मुआवजे की मांग को लेकर घंटो प्रदर्शन किया। किसी तरह का आश्वाशन नही मिलने पर शव को जोराकाठ लाया गया। मामले पर अभी तक किसी भी तरह की करवाई न होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा के प्रशासन जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करे।मामले को ले कर बड़कागांव थाना प्रभारी ने कहा के पुलिस करवाई कर रही है। कई बिंदु पर जांच चल रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा। दोषी किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।शव के जोराकाठ पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों की चीख पुकार मच गई। देर शाम को नम आंखों से मोहन का अंतिम संस्कार जोराकाठ स्थित मरघट्टी नाला में विधि विधान के साथ किया गया। मोहन के पार्थिव शरीर को बुजुर्ग पिता टीकू महतो ने मुखाग्नि दी। मौके पर मुख्य रूप से गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, बादम पंचायत समिति सदस्य सहाब अकबर, कैलाश महतो, कामेश्वर गोप, राधे यादव,आदि थे ।

## बिरहोर टोला में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में चेडरा पंचायत के बिरहोर टोला में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी रामबालक कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदिम जनजाति बिरहोर को भयमुक्त मतदान के लिए साँप सीढ़ी खेल के माध्यम से जागरूक किया गया ।इस मौके पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर सह प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार,बीपीआरओ,मुखिया निर्मल कुमार,आँगनबाड़ी सेविका समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा लाइसेंस, बिना हेलमेट के वाहन चलाने सहित परिवहन संबंधित अन्य दस्तावेजों की जांच के क्रम में 16 वाहनों को कुल 62601 रुपए का चालान किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि लोग सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो एवं नियमों का पालन करते हुए ही वाहन का उपयोग करें। इसी उद्देश्य से आज रामगढ़ शहर के सुभाष चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया है और भविष्य में इस तरह के और अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने सभी जिले वासियों से दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने की अपील की।

## वन विभाग ने फतहा से अवैध कोयला लदा 12 मोटरसाइकिल किया जब्त, मामला दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** वन विभाग के द्वारा अवैध कोयला ढुलाई के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान हजारीबाग सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी अविनाश कुमार परमार, बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह तथा हजारीबाग सदर रेंजर के नेतृत्व में फतहा में चलाया गया। छापामारी अभियान में 12 मोटरसाइकिल सहित 198 बोरी कोयला जप्तकर हजारीबाग वन प्रमंडल कार्यालय लाया गया। खबर लिखे जाने तक 12 गाड़ियों के मालिक के ऊपर मामला दर्ज करने कि प्रक्रिया जारी था। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, वनरक्षी केसव महतो, अजय कुमार यादव, नजीर हुसैन, संजय कुमार यादव, मृणाल भास्कर, अमर कुमार साहू के अलावे बड़कागांव तथा हजारीबाग सदर रेंज का टीम शामिल था।

jharkhand tourism

**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04
Tele Fax : 0651-2331828 Email: jtdcltd@gmail.com
www : tourism.jharkhand.gov.in

**Ref. No.: 1039/2023** **Date :14/09/2023**

**TENDER NOTICE(3rd CALL)**
**Tender for Printing of Stationery items of Jharkhand Tourism Development Corporation Limited**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to invite Tender for Printing of Stationery items of Jharkhand Tourism Development Corporation Limited.

The detailed RFP document can be downloaded from the website **https://tourism.jharkhand.gov.in** and submit their Applications. Application Due date is on 06/**10/2023 at 11:00 hours.** All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

PR 307037 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D

*Sd/-*
**Director**

# समाहरणालय, गढ़वा

(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

—:निविदा सूचना:—

गढ़वा जिला में राज्य योजनान्तर्गत कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जिला में निर्धन, दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध, वृद्धा एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु GeM portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 38020 (अडतीस हजार बीस) अदद है, यह संख्या घट–बढ़ सकती है। कम्बल की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं० | सामग्री का नाम | साईज | वजन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | कम्बल ( ऊनी ) | 90''x 60'' | 02 कि०ग्रा० (न्यूनतम) | 3''x3'' Dimension का (झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, रॉची) Logo सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। |

निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 30.09.2023 (05:00 PM) तक निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की शर्तें एवं विवरणी **GeM Portal (https://gem.gov.in)** तथा **www.garhwa.nic.in** पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 307085 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

## नव जवान एकता फाउंडेशन का भोजन वितरण कार्य जारी



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव जवान एकता फाउंडेशन के द्वारा पिछ्ले शुक्रवार की भांति इस शुक्रवार को भी लंगर ए रसूल का आयोजन उपर कुल्ही, सिंदरी रोड के समीप किया गया। जहाँ सभी धर्म के हजारों भूखे प्यासे असहाय व जरूरतमंद लोगों को स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। संस्था के लोगों ने बताया की ठीक इसी तरह प्रत्येक शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे नव जवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष व सचिव शाहनवाज खान, मो. आजाद, मो. जफर, मो. सलीम, मो. मुस्तकीम, मो. बबलू, मो. खालिद, मो. अकबर, मो. इकबाल, मो. ग्यासुद्दीन, मो. समीर, मो. सरफराज, मो. नाशो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा ने किया सिनीडीह में शोक सभा का आयोजन



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिनीडीह समुदाय भवन में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के माता स्वर्ग के रुकवा महताईन को श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी मुख्य रूप से उपस्थिति हुए गौर चन्द बाउरी ने कहा कि स्वर्गीय रुकवा महताईन एक शेरनी थी जो शेर जैसा बेटा गरीबों को सेवा करने के लिए देकर गई है जब तक सूरज चांद रहेगा रुकवा महताईन का नाम रहेगा नारा लगाते हुए एक मिनट मौन रखकर उसके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पा माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल बाउरी काफी सक्रिय रहे मौके पर जगदीश कर्मकार सुजीत गयाली लाल बहादुर यादव नेपाल रवानी रामचंद्र साव गोपाल बाउरी शैलेंद्र यादव लालू बाउरी शुक्लू गोप कमलेश्वर दास आनंद बाउरी बिरेन उरांव अर्जुन भुईया सुरेश यादव राजेंद्र रजवार विकास रजवार अर्जुन सिंह जगनारायण चौहान आर्यन बाउरी टिंकू बाउरी अंशु बाउरी भोलू पासवान निखिल बाउरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बजाज बाइक शोरूम का हुआ उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोयाबाद में पहली बार बाइक शो रूम का उद्घाटन हुआ।बजाज कम्पनी का हर मॉडल का बाइक यहां उपलब्ध है। मेट्रो बजाज का यह आउटलेट के रूप में जाना जाएगा।। शो रूम का उद्घाटन आउटलेट के मालिक साबिर अलाम के पिता हाजी हदीश व लोयाबाद मुस्लिम कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व कुरआन की तिलावत व फातेहा खानी हुई। उद्घाटन होते ही एक बाइक पल्सर 125 सीसी की बिक्री भी हुई। आने वाले मेहमान और कस्टमर इस आउटलेट शो रूम के उद्घाटन से काफी उत्साहित दिखे। शो रूम के मालिक साबिर आलम ने कहा कि हेलमेट और एसेसरीज मुफ्त दी जा रही है एवं सर्विसिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध है। कस्टमर की जरूरतों को पुरी प्राथमिकता दी जाएगी।

## झामुमो जीटीएस डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में करेगा चक्का जाम

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने भटमुरना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जीटीएस आउट सोर्सिंग कंपनी में कंपनी द्वारा वादा खिलाफी के खिलाफ 16 सितंबर 2023 को अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। अजमूल अंसारी ने बताया कि इस मामले को लेकर महाप्रबंधक को लिखित सूचना दे दी गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ने पूर्व में हुए समझौते पर वादा खिलाफी कर रही है। प्रबंधन ने तीन मजदूरों को साजिश के तहत काम पर बैठा दिया है।

## 108 एंबुलेंस के रास्ते में खराब होने से महिला की मौत

# एंबुलेंस में नही था डॉक्टर, कई घंटे तक तड़पती रही महिला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखंड सरकार के 108 एंबुलेंस महुदा थाना क्षेत्र के मछियारा परशुराम चौक के सामने एंबुलेंस बिगड़ जाने से मरीज की दर्दनाक मौत हो गई, एंबुलेंस में ड्राइवर के सिवाय और कोई भी सरकारी नही था।



एंबुलेंस जब खराब हुई तो मरीज 20 वर्षीए महिला शांति देवी की तबीयत काफी बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ने पर दूसरी एंबुलेंस के लिए 108 पर कॉल किया गया। कई घंटे बीत जाने के बाद दूसरी एंबुलेंस पहुंची तब तक काफी लेट हो चुकी थी। और मरीज की तड़प तड़प कर मौत हो गई।ज्ञात हो कि झारखंड का नया एंबुलेंस था फिर भी एंबुलेंस में खराबी आ गई जो जांच का विषय बन गया है। मरीज की मौत का सूचना ऊपर अधिकारी को दे दी गई ।

### समय पर नहीं पहुंचा दूसरा एंबुलेंस

एम्बुलेंस अधिकारी संजय कुमार ने तुरंत ही सूचना मिलने के बाद दूसरी गाड़ी को भेजने की बात कही थी लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंचता है जिसके कारण पेशेंट शांति देवी की एंबुलेंस के ऊपर ही मौत हो जाती है। झारखंड सरकार की बड़ी चूक के कारण एंबुलेंस के ऊपर ही मौत हो जाती है। शांति देवी के मौत की जिम्मेवारी किसकी है यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## अवैध संबंध में धीरज रवानी की हुई हत्या, पुलिस ने किया खुलासा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपर मांदरा बस्ती में 13 सितंबर को धीरन रवानी की हत्या कर दी गई थी। जिसका खुलासा शुक्रवार को बरोरा थाना की पुलिस ने किया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी बाघमारा के एसडीपीओ निशा मुर्मू ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक युवक धीरज रवानी का आरोपी की बहन के साथ अवैध संबंध चल रहा था। जिसकी जानकार होते ही आरोपी ने बदले की भावना से धीरज रवानी की हत्या कर दी। गिरफ्तार युवक के पास से एक पिस्टल और तीन खोखा बरामद किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आरोपी युवक का पहले से ही बरोरा थाना में तीन कांड दर्ज है।

हालांकि इस हत्या के बाद कई तरह की बातें सामने आ रही थी। जिसमें परिजनों का कहना था कि अवैध कोयले को लेकर धीरज रवानी की हत्या कर दी गई थी।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिर कर हुई मौत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार अहले सुबह वासेपुर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हंडकंप मच गया। शव वासेपुर में जब्बार मस्जिद के सामने रेलवे ट्रैक से महज 15-20 मीटर की दूरी पर पाया गया। घटना सुबह लगभग 5:30 की बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना पाकर मैके पर बैंक मोड़ पुलिस पहुंच कर जांच में जुट गई है। आशंका जताई जा रही है के व्यक्ति मुंबई मेल में सफर कर रहा होगा, क्योंकि उसके पास से जबलपुर से धनबाद के लिए एक टिकट भी बरामद किया गया और कई टूर एंड ट्रेवल कंपनियों के विजिटिंग कार्ड भी बरामद किए गए, जिसमें अधिकांस कार्ड आसनसोल और मध्यप्रदेश के थे। साथ ही उसके पर्स से लगभग 1200 रुपए भी मिले है। पुलिस के अनुसार आशंका जताई जा रही है की व्यक्ति मध्यप्रदेश या आसनसोल का हो सकता है। घटना रेलवे की पोल संख्या 272/19 के पास की है। खबर लिखे जानें तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।

## करोड़ों की लागत से बनेगी पुल, विधायक ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के बाल्हेडीह में बरसोती नदी पर बाल्हेडीह-चौबे पथ पर मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत बननेवाले पुल का शिलान्यास शुक्रवार को बिधायक विनोद कुमार सिंह ने फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 तक इस क्षेत्र में डबल ईजन की सरकार वाली पार्टी के बिधायक व सांसद रहे ,उसके बाद भी वे विकास को गति नहीं दे सके,बिकास बाधित रहा । एक बार फिर जनता ने 2019 में हमपर विश्वास जताया, मुझे चुनाव जिताया, उसके बाद दो साल तो कोरोना के कारण विकास



कार्य नहीं हो पाया ,इसके पश्चात जैसे ही स्थिति सामान्य हुआ मैंने क्षेत्र में विकास को गति देना शुरु किया, बगोदर विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड बगोदर-सरिया-बिरनी में हमने सडक, पुल, पुलिया का जाल बिछाया ।

इन्होंने कहा कि बाल्हेडीह पुल के बाद राजदाहधाम बराकर नदी पर पुल, बरवाडीह में पुल का शिलान्यास होगा, वहीं क ई महत्वपूर्ण सडकों का भी शिलान्यास किये जाने की बात कही।

इन्होंने कहा कि इस पुल के बनने से गिरिडीह जिले के बाल्हेडीह, करनोडीह, अमनारी, नगरकेशवारी, घुठियापेसरा समेत दर्जनों गांवों को हजारीबाग व कोडरमा जिला के दर्जनों गांवों को आपस में जोडेगा । कार्यक्रम में चौबे के जिला परिषद सबिता सिंह, उपप्रमुख रामदेव यादव, मुखिया लखिया देवी, पंसस अनिता देवी, माले प्रखंड सचिव भोला मंडल, उपमुखिया शंकर यादव, पवन महतो, लक्ष्मण मंडल, केदार मंडल, मुरली दास,रामा सिंह, जिम्मी चौरसिया, कुश कुशवाहा, राहुल मंडल, बद्री यादव, महेन्द्र मंडल, सदानंद मंडल, रामजी राणा, नागेश्वर मंडल, कोलेश्वर यादव, मनि मंडल, रामकिशुन मंडल, अमन पाण्डेय,कोलेश्वर यादव, दिलीप यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : बीपीएल श्रेणी के वरिष्ट ईसाई धर्मावलम्बियों को विशेष ट्रेन द्वारा गोवा तीर्थ यात्रा को रवाना किया जायेगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रबंध निदेशक, झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, अंजली यादव के निर्देशानुसार झारखण्ड राज्य के ईसाई धर्मावलम्बियों के लिए बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा ढ्ढ्रष्टञ्जष्ट के माध्यम से गोवा की तीर्थ यात्रा हेतु अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह भेजा जाना है। इसके आलोक में धनबाद जिले से 81 ईसाई धर्मावलम्बियों को भेजे जाने का लक्ष्य दिया गया है।




**पात्रता :-** 1. तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य के स्थाई निवासी होना चाहिए।

2. तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए (कर दाता नहीं होना चाहिए)।

3. तीर्थयात्री द्वारा पहले से इस प्रकार का तीर्थ दर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो। आवेदन करने हेतु गरीब वरिष्ठ नागरिक तीर्थ दर्शन योजना के लाभ लेने के लिए दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन को भरकर 2 फोटो के साथ मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र Fit for Travel Certificate लगा कर निकटतम प्रखंड/अनुमंडल/जिला खेल कार्यालय/उपायुक्त कार्यालय में निर्धारित समय सीमा दिनांक 25 सितंबर, 2023 से पहले जमा करेंगे। तीर्थ यात्रियों का चयन जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के द्वारा किया जाएगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा,यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है तो इससे अतिरिक्त एक प्रतीक्षा सूची (निर्धारित अंश का 10प्रतिशत) भी तैयार की जाएगी। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, धनबाद अथवा dhanbad.nic.in से संपर्क किया जा सकता है।

## अगस्त माह का नहीं मिला अनाज मांगने पर डीलर करता है बुरा बर्ताव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के नावाडीह पंचायत के राशन कार्ड्धारियों ने जन वितरण प्रणाली के संचालक द्वारिका प्रसाद दास पर गंभीर आरोप लगाया है नाम नहीं बताने के शर्त पर कार्ड धारी ने बताया कि हम लोगों को अगस्त माह का अनाज अब तक नहीं मिला है सितंबर माह का भी अनाज कम दिया जा रहा है जब अनाज मांगने जाते हैं तो डीलर के द्वारा हम लोग का हाथ पकड़ कर बाहर कर दिया जाता है कई बार हम लोगों ने डीलर को कहा हमें पूरा अनाज दो लेकिन जब भी अनाज मांगते तो हम सब को अनाज कम दिया जाता है वही अनाज लेने पहुंचे कार्ड धारी ने बताया कि हमसे दो बार अंगूठे का निशान लिया गया और सिर्फ एक बार का ही अनाज दिया है जब हमने पूछा तब इन्होंने कहा कि मेरा इतना ही आवंटन है लेना है तो को नहीं तो जाओ अब सवाल यह उठता है कि अगर कार्ड धारी के साथ जन वितरण प्रणाली के संचालक अगर ऐसा बर्ताव करेंगे तो आखिर ये गरीब लोग कहां जाएंगे।

**जितना आवंटन है उतना अनाज दे रहे है : संचालक**

जब जन वितरण प्रणाली के संचालक से अनाज कम देने की बात पूछी तब इन्होने कहा की अगस्त माह में हमें अनाज मिल ही नहीं है सितंबर माह का मिला है हम बांट रहे हैं।

**सितंबर माह में आवंटन से ज्यादा मिला है अनाज :-** आवंटन को लेकर जब ऑनलाइन साइड से जब इसकी जानकारी इकट्ठा करने का प्रयास किया गया तब ऑनलाइन में सितंबर माह का अनाज आवंटन से ज्यादा दिया गया है जबकि सवाल ये है की आखिर गलती किसकी है?? क्या लाभुकों को पूरा अनाज मिल पायेगा??

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला में डॉक्टर गायब



दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र

**बेंगाबाद :** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का शिविर पूरी तरह से विफल रहा । विफल का कारन यह रहा की समय से पहले ही सारे डॉक्टर गायब हो गए। पत्रकारों के पहुंचने पर स्वास्थ्य शिविर खाली मिला। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के निचले स्तर मात्र कुछ लोग मौजूद थे वही उच्च अधिकारी एवं सारे डॉक्टर अनुपस्थिति थे। इसी मामले को लेकर पुष्टि के लिए डॉक्टर आशीष शेखर से बात हुई तो उन्होंने बताया तो उन्होंने बताया कि मैं गिरिडीह आ गया हूं। वही बेंगाबाद स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार से बात हुई तो उन्होंने बताया कि वहां सारे डॉक्टर मौजूद है खाना खाने के लिए गए होंगे तो मात्र 5 मिनट में आ जायेंगे । पत्रकारों द्वारा घंटो इंतजार के बाद भी नहीं पहुंचे डाक्टर। स्वास्थ विभाग के इस लापरवाही को क्या कहा जाना चाहिए। विभाग द्वारा आयोजित इस स्वास्थ मेला का क्रेडिट अधिकारी और नेता खूब लेंगे लेकिन हकीकत कुछ और ही है। शिविर में आकर अधिकारी तस्वीर खिंचवा कर निकल जाते है फिर बाद में वाहवाही लुटते है। विभाग के जमीनी स्तर पर किया गया कार्य नाम मात्र का ही है।

## ट्रांसफार्मर से लाखों का क्वायल व पार्ट पुर्जा चोरों ने उड़ाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बलियापुर :** बलियापुर थाना क्षेत्र के बेलगड़िया टाउनशिप स्थित झरिया बिहार, फेस 1 कॉलोनी के चिल्ड्रन पार्क के पास लगे 315 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर से लाखों का किमती क्वायल एवं पार्ट पुर्जा चोरों ने चुरा लिया है। घटना गत गुरुवार 14 सितंबर की रात की है। इसकी सूचना पूर्व उप मुखिया सीमा देवी द्वारा दिए जाने के बाद बलियापुर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

**दो दर्जन से अधिक की संख्या में थे चोर :-** जानकारी के मुताबिक दो दर्जन से अधिक की संख्या में हथियारबंद चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सभी चोर अपने चेहरे ढके हुए थे। चोरी के दौरान ट्रांसफार्मर के जमीन पर गिरने के आवाज पर पास के बिल्डिंग में रह रहे दो व्यक्ति ने जब खिड़की से देखा तो चोरों ने उन्हें धमकी दी कि चुपचाप रहो नहीं तो गोली मार देंगे, उड़ा देंगे। इससे भयभीत होकर देखने वालों ने चुप्पी साध ली। चोरों की इस करतूत से 1 हजार से ऊपर लोग प्रभावित हैं। पूरे कॉलोनी में अंधेरा छा गया है, जलापूर्ति भी पूरी तरह ठप



हो गई है। लोगों ने जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

**इससे पहले भी चोरों ने यहां ट्रांसफार्मर को बनाया है निशाना :-** बताते चलें कि इससे पहले विगत 18 मार्च को भी चोर यहां पर इस प्रकार चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। फर्क इतना है कि उस वक्त बेलगड़िया टाउनशिप के झरिया बिहार फेस 2 कॉलोनी के ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया गया था, और इस बार फेस 1 के ट्रांसफर को निशाना बनाया गया है। और उस वक्त भी चोरों ने देखने वाली एक महिला को जान से मारने की धमकी दी थी।

## असफर्की अस्पताल लैब को मिली एनएबीएल की मान्यता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बारामुड़ी धनबाद स्थित, असफर्की अस्पताल लैब (क्लीनिकल बायोकेमिस्ट्री, हेमोटोलॉजी, मोलेक्यूलर) को एनएबीएल (नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज) की मान्यता मिल गई है। ऐसा होने के बाद अब असफर्की अस्पताल लैब की जांच रिपोर्ट देश के किसी भी चिकित्सा संस्थान में मान्य होगी। इस तरह की मान्यता पाने वाला असफर्की अस्पताल लैब धनबाद का पहला फुल एक्रिडिटेटेड संस्थान बन गया है।



गौरतलब है की असफर्की अस्पताल के लैबोरेट्री में विभिन्न विभागो से संबंधित जांच की जाती है। साथ ही बहुत ही जल्द अस्पताल के लैब में हिस्टो पैथोलॉजी (बायोप्सी जांच आदि) की भी व्यवस्था शुरू होने जा रही है। जिससे अब यहां क लोगो को कहीं बाहर जांच कराने की आवश्यक्ता नहीं होगी। असफर्की अस्पताल के सी.ई.ओ हरेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की असफर्की अस्पताल के लैब को एनएबीएल की मान्यता मिलना बड़ी उपलब्धि है। अब यहां की जांच रिपोर्ट देश में सभी संस्थानों में मान्य होगी। इसका सबसे बड़ा लाभ मरीजों को होगा। वहीं असफर्की अस्पताल के डायरेक्टर उदय सिंह ने कहा की असफर्की अस्पताल के लैब को एनएबीएल की मान्यता मिलना बड़े ही गर्व की बात है। लैब हेड डॉ एन.एन सिंह, लैब इंचार्ज ज़ाहिद मजहर, क्वालिटी मैनेजर विजय कुमार नोनिआ एवं पुरे अस्पताल परिवार को बधाई।

## "स्वच्छता पखवाड़ा" के तहत महाप्रबंधक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलायी स्वच्छता शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में भारतीय रेल दिनांक 16.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाने जा रही है । स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् आज महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा ने मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलायी । स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन मुख्यालय के साथ-साथ सभी मंडलों में भी किया जा रहा है ।स्वच्छता शपथ में इस बात का सकंल्प लिया गया कि ''प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करेंगे तथा न गन्दगी करेंगे न ही गन्दगी करने देंगे। हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रम दान करके स्वच्छता को चरित्रार्थ करेंगें। महात्मा गांधी के




सपना को पूर्ण करने के लिये माँ भारती को गंदगी से दूर कर स्वच्छ बनायेंगे। इस विचार को गाँव-गाँव और गली-गली तक ले जायेंगे और स्वच्छ भारत-स्वच्छ रेल के मिषन को आगे बढ़ायेगें तथा अन्य 100 व्यक्तियों से भी स्वच्छता में भागीदार बनायेंगे।''

''स्वच्छता पखवाड़ा'' के दौरान दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2023 तक प्रत्येक तिथि को स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

ऽ 16 सितंबर को 'स्वच्छता जागरूकता दिवस' के अवसर पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देष्य से प्रभात फेरी निकाला जायेगा एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा ।

ऽ 17 सितंबर को स्वच्छ संवाद दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेषनों पर स्वच्छता एवं परिसरों में सफाई को निरंतर बनाये रखने आदि विषयों पर सेमिनार का आयोजन तथा यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए उनका फीडबैक लिया जायेगा।

स्वच्छता से विद्यार्थियो के मानसिक व शारीरिक क्षमताओं का होता है विकास : मधुलिका रानी

# डॉ. अनुग्रह नारायण+2 उवि पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह आयोजित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 सितंबर शुक्रवार को 01 सितंबर से 15 सितंबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तहत कार्य मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय मे कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को किया गया सम्मानित। मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20 सुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, बालेश्वर साहू, रणधीर कुमार सिंह एवं विद्यालय के उपस्थित शिक्षको के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि जीवन मे स्वच्छता अपनायें, बीमारी दूर भगाएँ, स्वच्छता से विद्यार्थियो के मानसिक व शारीरिक क्षमताओं का होता विकास। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री ने बताया कि 01 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमे निबंधलेखन, चित्रांकन, स्पीच, कलाकृति निर्माण इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सौंदर्य गुप्ता, तहसीना प्रेम रावत, अनामिका खुशबु, जाबेद, सुमित्रा, पम्मी, शबाना, नीलिमा को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है, वही सम्पूर्ण पखवाडा मे एक्टिव पार्टीसीपेशन के लिये सुमित राम को भी कार्यक्रम मे सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर 12 बी0 कला संकाय की अध्यक्ष शिक्षिका संध्या मुक्ति केरकेट्टा को भी किया गया सम्मान। मौके पर उपरोक्त अतिथियो के अलावा शिक्षक आनन्द कुमार दुबे, जितेन्द्र भुषण, बिनीत कुमार, सुनील पन्ना, राजीव पांडे, आलोक पाठक, मनौवर हुसैन, प्रतिभा इत्यादि शिक्षक कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर किया गया कमिटी विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल प्रांगण स्थित धूमकुड़िया भवन में आदिवासी छात्र संघ और राजी पड़हा प्रार्थना सभा के संयुक्त तत्वाधान में बैठक कायोजन किया गया। आयोजित बैठक में 19 सितंबर को करमा पर्व पूर्व संध्या आदिवासी परम्परा और रीति रिवाज के अनुसार सौहार्द से मनाने को लेकर चर्चा करते हुए आयोजन कमिटी का विस्तार करते हुए विधि व्यवस्था के बारे में विचार विमर्श किया गया। साथ ही आमंत्रित खोड़हा दल को सांत्वना पुरस्कार देने पर भी चर्चा किया गया। आयोजन कमिटी के सचिव प्रकाश उराँव ने जानकारी देते हुए बताया कि करमा पर्व पूर्व संध्या आयोजन को सफल बनाने के लिये कमिटी का विस्तार किया गया। तथा आमंत्रित सभी खोड़हा दल को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा साथ ही कहा कि अरु और कल्हेपाट के पहान पुजार द्वारा झण्डागड़ी का कार्यक्रम करने के उपरान्त आदिवासी रीति रिवाज से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया जायेगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गाँव से आदिवासी समाज के अगुवा और पहान पुजार को आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार खोड़हा दल के साथ आमंत्रित किया जायेगा। तथा आयोजन स्थल पर विधि व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन और ड्रोन कैमरा का सहारा लिया जायेगा जिसे शांति और सौहार्द के साथ हर्षोल्लाष से कार्यक्रम सम्पन्न हो सके।

## मृतक के घर पहुंचे धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष, परिवार को दिलाया भरोसा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बरही गांव में मामुली विवाद को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों के द्धारा युवक की लाठी डंडे से पीटकर हत्या करने की घटना के बाद शुक्रवार को अखिल भारतीय धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा तथा समाज के अन्य लोग बरही गांव पहुंचे। परिजनों से मुलाकात करते हुए पुरे मामले की जानकारी ली वही बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही गांव निवासी जगदीश बैठा के पुत्र बजरंग बैठा को गांव ही दो भाईयों ने उधारी का पैसा मांगने पर विवाद करते हुए लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दिया था। घटना के बाद सेन्हा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वही मामले की जानकारी होने के बाद शुक्रवार को अखिल भारतीय धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार लोहरदगा जिला अध्यक्ष राकेश रजक, बिरेंद्र रजक तथा समाज के अन्य लोग बरही गांव पहुंचे। मृतक के पिता जगदीश बैठा से पुरे मामले की जानकारी ली जिसे परिजनों ने धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया गया कि बजरंग बैठा मिट मुर्गा दुकान चलाता था जिसे गांव के ही एक युवक को मुर्गा मिट उधारी दिया था। वही बजरंग बैठा उधारी का पैसा मांगने शाम में आरोपी के घर गया था जिसे पैसा मांगने में विवाद हो गया तो दोनों भाइयों ने मिलकर बजरंग बैठा की हत्या कर दी। वही धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले को लेकर जल्द ही पुलिस अधीक्षक से मिलकर पुरे मामले में स्पीडी ट्रायल की मांग करेंगे तथा परिवार को मुआवजा राशि दिलाने की भी मांग करेंगे। मौके पर धोबी महासंध के प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए समाज को एकजुट होकर चलने की बात कही तथा ग्रामीणो की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा, संघ के जिला अध्यक्ष राकेश रजक, मिडिया प्रभारी अमित कुमार, बिरेन्द्र रजक सहित अन्य मौजूद थे।

## सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णान मेमोरियल पुरुष व महिला हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड के पीडियापोछ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के दिन शुरू किए गए सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन मेमोरियल पुरुष एवं महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का,जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। फाइनल मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत की। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा - जब भी हॉकी खेल का नाम होता है तब सिमडेगा जिले का नाम दूर-दूर तक लोग जानने लगते हैं सिमडेगा हॉकी की नर्सरी के रूप में पूरे विश्व भर में विख्यात है यहां के खिलाड़ी आज ओलंपिक तक का सफर कर पूरे जिले का नाम रोशन कर रहा है। इसलिए आप सभी खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए आगे बढ़े। आज वर्तमान समय में हमें अपने अक्ष अधिकार को लेने के लिए भी आगे आने की आवश्यकता है क्षेत्र में जो समस्याएं हैं उसे समस्या को झारखंड पार्टी प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य कर रही है ताकि इस क्षेत्र की समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जा सके।

## भाजपा का चल रहा है मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आगामी 21 सितम्बर को होगा संकल्प यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी कोनपाला मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल के नेतृत्व में बाघचट्टा पंचायत के विभिन्न गांवों में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त घर-घर मिट्टी संग्रह किया गया एवं आगामी कार्यक्रम चर्चा करते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के 21 सितम्बर को कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता हो इसके लिए विचार-विमर्श किया गया मौके पर मेरा माटी मेरा देश के जिला सयोंजक पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लगभग 10 वर्षो के अमृत कार्यकाल में देश का विश्वस्तर में सम्मान बढ़ा है आज एक-एक नागरिक भारतीय होने पर अपने आप को गर्वान्वित महसूस कर रहा है आज देशव्यापी मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम एक अभियान का रूप ले लिया है शहीदों के सम्मान का यह अभियान से ग्रामीणों में काफी उत्साह है सिमडेगा जिला के बानो,बोलबा और सेवई सहित 14 मंडलो पर बूथस्तर तक भाजपा के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर रहें हैं और साथ ही साथ कोलेबिरा में 21 सितम्बर को बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं की भागीदारी हो इसके लिए योजनाएं बनाई गई।

## मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित सदर प्रखंड के विभिन्न गांवो से भाजपा ने किया मिट्टी संग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर प्रखंड के विभिन्न गाँवो मे भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरज दशौंधी के अगुवाई मे एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे 15 सितंबर शुक्रवार को मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त पुनः 05 वें दिन चलाया गया मिट्टी संग्रहण का कार्य। इस अवसर पर सदर प्रखंड के विभिन्न गाँवो के घरों से कलश मे मिट्टी संग्रहित करते हुए मंडल अध्यक्ष दशौंधी ने कहा कि आगामी 03 सितंबर को जिला भाजपा द्वारा आहुत के संकल्प यात्रा सह विशाल जनसभा कार्यक्रम के उपरांत राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री बाबूलाल माराण्डी के द्वारा अभियान का शुभारंभ सदर प्रखंड के हरमू से शुरुवात करने के उपरांत लगातार प्रखंड के 28 गाँवो से अभी तक कलश मे मिट्टी संग्रहित कर ली गई है शेष बचे ग्रामो से 02 दिन मे मिट्टी संग्रहण का कार्य पुरा कर लिया जायेगा। अध्यक्ष ने कहा कि 17 सितंबर के बाद प्रखंड के प्रमुख ग्रामो मे 75 पौधो का पौधोरोपण भी किया जायेगा। आज के उक्त मिट्टी संग्रहण कार्य मे महामंत्री विवेक चौहान, पुर्व मंडल अध्यक्ष शंभू सिंह, शिवपूजन सिंह, गोसाई भगत, बिहारी सिंह, क्रष्ण चौधरी, गजाधर यादव, अनिल उराँव, धनु साहू, सुखन लोहरा, विनोद पहान, मोहन लोहरा, भोला साहू ओम प्रकाश महतो, महाबीर राम, दिनेश सिंह, विकास महतो, क्लेश महली, इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## जीएसटी कागजात त्रुटि पर मालवाहक टेम्पू समान के साथ जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव तथा सेल टैक्स पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करते हुए प्लास्टिक का समान से भरा हुआ मालवाहक टेम्पु को पकड़ा गया। पकड़े गये वाहन मालिक द्वारा लोडेड समान का कागजात नही दिखाने पर मालवाहक टेम्पू जे एच 01 ई 8239 को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख गया है। वही इस संदर्भ में जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव का कहना है कि मालवाहक टेम्पू में प्लास्टिक पाइप सहित अन्य समान लाद कर परिचालन के दौरान कंडरा चौक के समीप रोक कर जांच किया गया और कागजात की जांच की गई तो जीएसटी पेपर में कमी पाया गया। जिसके बाद वाहन में लदा समान सहित जब्त कर थाना परिसर सेन्हा में पुलिस प्रशासन की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही बताया गया कि जीएसटी पेपर त्रुटि का जुर्माना वसूली के उपरांत ही जब्त वाहन को समान के साथ मुक्त किया जाएगा। विदित हो कि जिला में टैक्स चोरी को लेकर सेल टैक्स एवं जीएसटी पेपर का इस्तेमाल नही किया जाता है। जिसपर लगतार विभागीय करवाई किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जीएसटी पदाधिकारी से विमुक्ति पत्र प्राप्त होने के पश्चात समान लदा हुआ मालवाहक टेम्पू को छोड़ा जाएगा।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये लाभुकों का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड पशुपालन विभाग द्वारा सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत उगरा और झलजमीरा पंचायत में 2023 -24 के लिये मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये लाभुकों का चयन किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री पषुधन योजना के अन्तर्गत गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी, बतख पालन और शूकर पालन के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि योजना के अन्तर्गत पशुपालन विभाग की ओर से गाय, बकरी, मुर्गी, बतख का चूजा और शूकर दिया जायेगा जिसे पशुपालन कर किसानों का आय में वृद्धि हो और आत्मनिर्भर बन सकें साथ ही पशुओं में बीमारी होने से बचाव के लिये वैक्सिनेशन व टीकाकरण के बारे में भी जगरुक किया गया। और बताया गया कि पशुपालन विभाग के तरफ से समय समय पर पशुओं का टीकाकरण किया जाता है। जिसे पशुओं में होने वाले विभिन्न तरह के बीमारीयों से बचाया जा सकता है। साथ ही कहा कि पशु के बीमार होने से प्रखंड पशु अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लेकर पशुओं को टिका और दवा दिला सकते हैं। मौके पर मौजूद सभी पशुपालक किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और बीमारी से उपचार के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया।

## तकनीकी शिक्षा से विद्यालय के बच्चों का होगा कौशल विकास : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में संचालित राजकीय कृत आदर्श मध्य विद्यालय अरु में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय और कंप्यूटर कक्ष एवं चार कमरा के नए भवन का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से बच्चो का कौशल विकास होता है। आज के समय में तकनीकी शिक्षा आवश्यक है। पूरे दुनिया डिजिटल हो रहा है। सभी जगह बच्चो के लिए कंप्यूटर शिक्षक भी मिला है। बताते हुए विद्यालय के बच्चों को कंप्यूटर का ज्ञान अर्जित को लेकर शिक्षक के संपर्क में रहने की सलाह दी गई। साथ ही उन्होंने कहा विद्यालय प्रांगण में पुस्तकालय खोला गया है तो शिक्षक बच्चो को ज्ञान का अभ्यास कराए और प्रयोगशाला में प्रयोग कराते रहें बाल विज्ञानिक तैयार करें। इसके अलावे बताया गया कि नव निर्मित भवन का रख रखाव तथा दीवार लेखन नही करने की सुझाव दिया गया। जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण दुवेदी ने तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य एवं समय के अनुसार शिक्षा अध्यन कराया जा रहा है और उसी प्रारूप शिक्षक भी नियुक्त किया जा रहा है। जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराया जा सके।

## सावनाजारा में समृद्धि कार्यक्रम के तहत डीडीएम ने महिलाओं के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा के सावनाजारा चर्च के पास शुक्रवार को नाबार्ड द्वारा समृद्धि कार्यक्रम के तहत महिला समूहों के कार्यकारिणी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में डीडीएम ने महिलाओं को आय वृद्धि के साधन को बताया और बैंक से जरूरतों के हिसाब से केसीसी लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कहा। डीडीएम ने कहा की वर्तमान समय में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई तरह के कार्यक्रम चला रही है। जिसका आप सबको लाभ लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आजीविका संवर्धन हेतु केसीसी ऋण लेकर पशुपालन, कृषि और छोटे मोटे व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया।

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2,राँची

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–41/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **04.10.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **05.10.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **05.10.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
   2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work for Room No.-05,06,07,08,09 and 117 with Courtyard Area (Occupied by Hon'ble MLA Sukhram Oraon) of Russian Hostel at MLA Residence , Dhurwa,Ranchi | 32,18,800.00 | 5000.00 | 65,000.00 | Four Months |
| 2 | Renovation Work for Room No.-42,22,25,26,& 47 with corridor (Occupied by Hon'ble MLA Sonaram Sinku) of Russian Hostel at MLA Residence, Dhurwa,Ranchi | 30,29,000.00 | 5000.00 | 61,000.00 | Four Months |
| 3 | Renovation of E Type Qtr. E-55 Sector-2,HEC, Dhurwa,Ranchi (Jharkhand) | 18,61,300.00 | 5000.00 | 38,000.00 | Three Months |
| 4 | Construction of P.C.C. approach Road and Strome Drain from main Road to Fire Training Centre Office at HEC,Dhurwa,Ranchi. | 25,74,400.00 | 5000.00 | 52,000.00 | Four Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 307061 Building(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,चतरा

**ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– **03/RI/2023-24/RWD/CHATRA** दिनांक– 15.09.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/ 2023-24/04 | कान्हाचट्टी | राजपुर | डंगराडीह | प्राथमिक विद्यालय से बीरबल तिवारी के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.570 कि॰मी॰) | 3027200.00 | तीस लाख सत्ताईस हजार दो सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/ 2023-24/09 | कान्हाचट्टी | मदगड़ा | बिंधानी | अम्बातरी जगदेव भुईयाँ के घर से नदी घाट तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.450 कि॰मी॰) | 2601300.00 | छब्बीस लाख एक हजार तीन सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.09.2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं संमय :– 04.10.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 8084225903
8. ई–पुनर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 307068 Rural Work Department(23-24).D

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में स्वास्थ विभाग द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत, मुखिया धनबाज उराँव द्वारा दीप प्रवज्जलित कर प्रारम्भ किया गया। स्वास्थ्य सहियाओं द्वारा गीत संगीत और नृत्य से अतिथियों का पारम्परिक स्वागत किया गया। अयोजित स्वास्थ्य मेला में मोतिया बिंद, दन्त चिकित्सा, परिवार नियोजन, बाल स्वास्थ्य, आयुष चिकित्सा, पोषण परामर्श, मातृ स्वास्थ्य, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद सहित सभी तरह का बीमारी और इलाज के लिये 12 स्टॉल लगाया गया था। वही मौके पर मौजूद जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरकार द्वारा गाँव मे रहने वाले के ग्रामीण महिला पुरुष को रोग से बचाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। तथा सभी लोगों को स्वास्थ सुविधा बेहतर मिले उसके लिए सरकार के स्वस्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार समय समय पर स्वास्थ मेला का आयोजन किया जाता है। गर्भवती और धात्री महिलाओ का प्रति माह संपूर्ण जांच होता है। आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससे 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में होता है। उससे बनवाकर रखें और इलाज का लाभ उठायें प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि स्वास्थ को ठीक रखने के लिए बचाव आवश्यक है। नियमित व्यायाम करें सुबह जल्द में उठे सुबह जल्द उठने से काफी लाभ मिलता है। और खान पान में ध्यान दें बच्चे, बुजुर्ग, नवजवान सभही लोग दिन भर में कभी भी कुछ देर के लिये मोबाइल से दूर रहें। साथ ही कहा कि बीमार होने पर ओझा गुणी झाड़ फूँक के चक्कर मे न रहें। और इससे बचें बीमार होने पर नजदीकी स्वास्थ केंद्र में जायें और चिकित्सक का सलाह लें। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि के द्वारा स्वास्थ्य मेला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज और व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया धनबाज उरांव, डॉ दिव्या निशि, डॉ रंजिता, डॉ श्रेया, डॉ. संजीत, डॉ. बिनोद के अलावे वसीम अखूतर, विकास खलखो, लखन राम मांझी, देवेन्द्र गिरी, किरण मुर्मू सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण महिला पुरुष, युवक युवती तथा बच्चे उपस्थित थे।

## भंडरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सिविल सर्जन डा. राजमोहन खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी गौतम कुमार व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रायोजित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई तरह की योजना का संचालन कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में जुटी हुई है। इसके लिए ग्रामीणों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा भव्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन करना सराहनीय है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को अब काफी सहूलियत मिलेगी। प्रखंड विकास पर अधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधा में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। इसके अलावे मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

